Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Wednesday, 10 May 2023 ● Year : 01 ● Issue : 113 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com


**सुविचार**

कर्म पर विश्वास रखो और ईश्वर पर आस्था, कितना भी मुश्किल वक्त क्यों ना हो निकलेगा जरुर रास्ता।




ट्विटर यूजर ने दी कंगना रनौत को इंस्टाग्राम...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 61,761.33 |
| निफ्टी | : | 18,265.95 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,815 |
| चांदी | : | 82.05 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

# MADHYA PRADESH : पुल की रेलिंग तोड़कर नदी में गिरी यात्री बस, 22 की मौत

## लोगों ने बस के कांच तोड़कर घायलों को निकाला बाहर, घटना की मजिस्ट्रियल जांच का आदेश

**AGENCY KHARGONE :** मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में मंगलवार सुबह एक यात्री बस बोराड़ नदी के पुल की रेलिंग तोड़कर 50 फीट नीचे नदी में जा गिरी। इस हादसे में बस सवार 22 यात्रियों की मौत हो गई। मृतकों में तीन बच्चे, नौ महिलाएं और 10 पुरुष शामिल हैं। अन्य 30 यात्री घायल हुए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें सात यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रैफर किया गया है। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों को भीड़ जमा हो गई। लोगों ने बस के कांच तोड़कर घायलों को बाहर निकाला। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार खरगोन जिले के ग्राम टांडा बरुड़ के पास श्रीखंडी गांव से इंदौर की जा रही मां शारदा ट्रेवल्स की बस में 50 से 60 लोग सवार थे। बस मंगलवार सुबह करीब 8.30 बजे डोंगरगांव व दंसगा के बीच बोराड़ नदी के पुल से नीचे गिर गई। बताया जा रहा है कि बस पुल की रांग साइड की रेलिंग तोड़ते हुए करीब 50 फीट नीचे जा गिरी। सूचना मिलते ही कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा, आईजी, एसपी, एसडीओपी और प्रतिनिधि मौके पर पहुंच गए। कलेक्टर



मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में बस दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर जुटी भीड़ एवं घायलों को बस से बाहर निकालते लोग ● एजेंसी



"खरगोन, मध्यप्रदेश में हुए बस हादसे में कई लोगों के हताहत होने की खबर से मुझे अत्यंत दुख हुआ है। इस दुर्घटना में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मैं गहन शोक-संवेदनाएं व्यक्त करती हूं और घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।**



"खरगोन में हुआ सड़क हादसा अत्यंत दुखद है। इसमें जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक-संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन हरसंभव मदद करेगा।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।**

## मृतकों के परिजनों को 6 लाख की मदद का ऐलान

मध्य प्रदेश सरकार खरगोन बस हादसे में मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देगी। गंभीर घायलों को 50 हजार और अन्य घायलों को 25 हजार रुपये की मदद दी जाएगी। सभी घायलों का इलाज सरकार करवाएगी। सरकार ने बस हादसे की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। वहीं, प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। खरगोन हादसे पर परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का कहना है कि शुरूआती जांच में सामने आया है कि संकरा पुल होने की वजह से हादसा हुआ। बस की स्पीड तेज नहीं थी। जांच में बस का फिटनेस सही पाया गया है। बस में क्षमता से ज्यादा यात्री नहीं थे। हादसे की वजह ड्राइवर को नींद लगना हो सकती है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, कार्रवाई की जाएगी।

## ये लोग हादसे के हुए शिकार

- विवेक (23)
- सोम (11 माह)
- दुर्गेश (20)
- मुस्कान (14)
- संजय (30)
- देवकी
- धनालाल गुर्जर
- संतोष (45)
- सविता बाई
- मद्राणीया बाना
- रामकुंवर (60)
- प्रियांशु (1 वर्ष)
- आंचल (18)
- लक्ष्मीबाई (32)
- मांगती बाई (75)
- सुखदेव पाटीदार
- मलु बाई
- कान्हा
- कल्लू बाई
- पिंकी
- सुमित
- अर्जुन निवासी

**BRIEF NEWS**

### झारखंड में तपती धूप ने बढ़ाई परेशानी

**RANCHI :** झारखंड में तपती धूप ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। सुबह आठ बजे के बाद घर से निकलना मुश्किल हो गया है। पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा तापमान गोड्डा का 47.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। सबसे कम तापमान रामगढ में 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने मंगलवार को बताया कि अभी तापमान में और वृद्धि होगी, अभी मौसम शुष्क रहेगा। तापमान में तीन से चार डिग्री की बढ़त दर्ज की जा सकती है। राज्य के कई शहरों में तापमान 40 तक पहुंच गया है। लोगों को बढ़ते तापमान से सतर्क रहने की जरूरत है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए अपनी सुविधानुसार दिनचर्या में बदलाव जरूरी है। मौसम विभाग ने कहा है कि थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत है। विभाग ने बताया कि 11 मई से 14 मई तक राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाये रहेंगे। हालांकि, इससे तापमान में कमी नहीं होगी। लोगों को गर्मी का एहसास होगा। उमस का भी सामना करना पड़ेगा। 13 मई तक तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की जायेगी।

### भोपाल और छिंदवाड़ा में एनआईए-एटीएस का संयुक्त छापा, 11 हिरासत में

**BHOPAL :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) की संयुक्त टीम ने मंगलवार को भोपाल और छिंदवाड़ा में छापा मारकर 11 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। भोपाल में बाग उमराव दूल्हा, जवाहर कालोनी और बाग फरहत अफजा से 10 संदिग्धों को पकड़े जाने की सूचना है। बताया जा रहा है कि हिरासत में लिए गए लोगों में भोपाल गैस त्रासदी एक्टिविस्ट का एक बेटा भी शामिल है। वहीं छिंदवाड़ा से भी एक व्यक्ति को पकड़ा है। हालांकि, मप्र पुलिस इस मामले में अभी कुछ भी कहने से बच रही है। जानकारी के अनुसार एनआईए और एटीएस की संयुक्त टीम ने भोपाल के ऐशबाग इलाके से चार संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर उनके पास से संदिग्ध दस्तावेज और देश विरोधी सामग्री जब्त की है।

### हैदराबाद से 16 संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

**HYDERABAD :** तेलंगाना और मध्य प्रदेश पुलिस के संयुक्त अभियान में हैदराबाद से 16 संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें 11 संदिग्ध भोपाल के और पांच हैदराबाद के रहने वाले हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी 16 लोग संदिग्ध गतिविधियों लिप्त थे। इस कारण पिछले कुछ महीनों से इन पर खुफिया एजेंसियों की नजर थी। पुख्ता खुफिया जानकारी के बाद तेलंगाना और मध्य प्रदेश पुलिस की संयुक्त टीम ने हैदराबाद के साइबराबाद स्थित जगदगिरीगुट्टा पुलिस थाना क्षेत्र में छापा मारकर सभी संदिग्धों को गिरफ्तार किया। इस दौरान उनके पास से मोबाइल फोन, लैपटॉप, स्टोरेज मीडिया के अलावा बड़ी मात्रा में इस्लामी जिहादी साहित्य, चाकू, खंजर और एयरगन बरामद किए गए। सूत्रों ने बताया कि आईबी, तेलंगाना पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस विंग और मध्य प्रदेश पुलिस की टीम उनसे पूछताछ कर रही है।

# पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान इस्लामाबाद हाईकोर्ट से गिरफ्तार

## समर्थकों ने आर्मी हेडक्वॉर्टर पर किया हमला

**AGENCY ISLAMABAD** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे इस्लामाबाद हाईकोर्ट से गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी गिरफ्तारी पाकिस्तानी रेंजर्स ने की है। इमरान खान 2 केसेस में जमानत के लिए हाईकोर्ट पहुंचे थे। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने कहा- खान को रॉड से पीटा गया। खान की गिरफ्तारी के बाद पीटीआई कार्यकर्ताओं ने रावलपिंडी में आर्मी हेडक्वॉर्टर पर हमला कर दिया। लाहौर में फौज के एक कमांडर के घर को तहस-नहस कर दिया गया। इमरान को अल-कादिर ट्रस्ट स्कैम केस में गिरफ्तार किया गया। ये एक यूनिवर्सिटी से जुड़ा मामला है। इमरान ने बतौर प्रधानमंत्री इस यूनिवर्सिटी के लिए गैरकानूनी तौर पर अरबों रुपए की



इमरान खान की फाइल फोटो।

जमीन हासिल की। इस मामले का खुलासा पाकिस्तान की सबसे अमीर शख्सियत मलिक रियाज ने किया था। इमरान ने यह जमीन मलिक रियाज से ही ली थी।। पाकिस्तान के अखबार द डॉन के मुताबिक- अल कादिर ट्रस्ट घोटाला 50 अरब रुपए से ज्यादा का है और इसका फायदा इमरान, पत्नी बुशरा बीबी और बुशरा की दोस्त फराह गोगी ने उठाया। रविवार को एक रैली में इमरान ने खुफिया एजेंसी आईएसआई की पॉलिटिकल विंग के चीफ फैसल नसीर पर बेहद संगीन आरोप लगाए थे। खान ने कहा था- फैसल मुझे कत्ल करना चाहते हैं। इसमें कुछ अफसर उनका साथ दे रहे हैं। इसके बाद फौज को मजबूरन सामने आकर इन आरोपों को खारिज करना पड़ा। मंगलवार को लाहौर से पेशी के लिए इस्लामाबाद रवाना होने से पहले इमरान ने कार से वीडियो मैसेज जारी किया। कहा- फौज कान खोलकर सुन ले। मैं डरने वाला नहीं हूं और न पाकिस्तान छोड़कर जाऊंगा। इसके बाद उन्हें इस्लामाबाद हाईकोर्ट के बायोमेट्रिक रूम से शीशे तोड़कर गिरफ्तार कर लिया गया।

# हजारीबाग में ऋत्विक कंपनी के PROJECT CO-ORDINATOR की गोली मारकर हत्या

## ऑफिस के बाहर अपराधियों ने दागीं गोलियां, बॉडीगार्ड भी गंभीर

**PHOTON NEWS HAZARIBAGH :** हजारीबाग में दिनदहाड़े अपराधियों ने एनटीपीसी के साथ काम करने वाली कंपनी के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर शरद की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना हजारीबाग जिले के बरवाडीह की है। दोपहर 12:00 बजे के करीब घटना को दो मोटरसाइकिल सवार अपराधियों ने अंजाम दिया। ऋत्विक कंपनी के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेट के पद पर काम करने वाले शरद हैदराबाद के रहने वाले थे। हत्या बड़कागांव स्थित एनटीपीसी साइट ऑफिस के बाहर ही की गयी है।

जानकारी के अनुसार शरद कंपनी की गाड़ी में ही बैठकर दफ्तर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक मोटरसाइकिल पर सवार अपराधी पहुंचे और उनकी गाड़ी पर ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दी। अपराधी पहले से पीछा गाड़ी का कर रहे थे। बॉडीगार्ड गाड़ी के पीछे सीट पर और शरद आगे बैठे हुए थे। गोलीबारी में प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर शरद घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई जबकि उनका बॉडीगार्ड राजेंद्र प्रसाद गंभीर रूप से घायल है, जिसका इलाज हजारीबाग के आरोग्यम अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद पूरे इलाके में पुलिस ने सर्च अभियान तेज कर दिया है। अपराधियों की धर पकड़ के लिए ऑपरेशन चलाया जा रहा है। वही घटना की जानकारी मिलने के बाद हजारीबाग एसपी मनोज रतन चोथे आरोग्यम अस्पताल पहुंचे और कंपनी के वरीय पदाधिकारियों से घटना के बारे में विस्तृत जानकारी ली।



गोलीबारी के बाद अपनी गाड़ी में मृत पड़े शरद ● फोटोन न्यूज

"विद्युत कंपनी के पदाधिकारी को गोली लगी जिससे उनकी मौत हो गई। बॉडीगार्ड को गोलियां लगी हैं। घायल बॉडीगार्ड का इलाज जारी है। घटना के बाद तुरंत सभी रास्तों में चेकिंग शुरू कर दिया गया है। छापामारी भी जारी है घटना को किसने अंजाम दिया इसकी पड़ताल की जा रही है।

**मनोज रतन चौथे**
**एसपी हजारीबाग**

## चिटफंड घोटाला मामले की सुनवाई, सीबीआई को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश

# HC ने CBI से पूछा, चिटफंड घोटाले में शामिल कंपनियों की कितनी PROPERTY की गई अटैच

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मंगलवार को चिटफंड घोटाला में निवेशकों के डूबी राशि के मामले में सीबीआई को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने सीबीआई से पूछा है कि चिटफंड घोटाले में शामिल कंपनियों की कितनी प्रॉपर्टी अटैच की गई, भुक्तभोगी लोगों को उनका पैसा वापसी के लिए क्या रास्ता हो सकता है। कोर्ट ने मंगलवार को चिटफंड घोटाला में पैसा की वापसी को लेकर नन बैंकिंग



अभिरक्षा निवेशक सुरक्षा समिति सहित अन्य दायर याचिकाओं की सुनवाई की। इससे पहले मामले में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि सरकार ने झारखंड के जमाकताओं के हितों का संरक्षण (वित्तीय स्थापनाओं में) अधिनियम 2011 बनाया है। इसके हिसाब से चिटफंड से प्रभावित लोगों को संबंधित अथॉरिटी के पास आवेदन देना होगा। यह अथॉरिटी प्रभावित लोगों की शिकायत का निवारण करेगी। कोर्ट ने सरकार की इस जवाब पर असंतुष्टि जताते हुए कहा कि यह एक व्यक्ति के पैसे वापसी की बात नहीं हो रही है, बल्कि चिटफंड घोटाले से प्रभावित सैकड़ों लोगों के पैसे की वापसी की बात है। ऐसे में वेस्ट बंगाल, उड़ीसा की तर्ज पर एक कमीशन बनाकर कार्पस फंड बनाना होगा। इस फंड के लिए सरकार को पैसा मुहैया कराना होगा, जिससे चिटफंड के प्रभावित लोगों को पैसा वापसी का रास्ता बन सके। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई सात जुलाई निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि चिटफंड घोटाला में शामिल कई कंपनी के संचालकों की ईडी और सीबीआई ने करोड़ की संपत्ति सीज की है। चिटफंड घोटाले के सीज पैसे ईडी और सीबीआई ने बैंकों में रखे हैं। याचिका में कहा गया है कि कई राज्यों में एक कमेटी बनाकर चिटफंड के शिकार लोगों के केस को डिस्पोजल किया जा रहा है और उन्हें उनके डूबे पैसे वापस दिलाए जा रहे हैं।

# कर्नाटक की 224 विधानसभा सीटों के लिए आज होगा मतदान

## घरेलू मतदान की सुविधा भी उपलब्ध

**AGENCY NEW DELHI :** चुनाव आयोग ने बुधवार को कर्नाटक में होने वाले मतदान से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। कर्नाटक विधानसभा का कार्यकाल 25 मई को समाप्त होने वाला है। राज्य में 224 विधानसभा सीटों के लिए बुधवार को सुबह 07 से शाम 06 बजे तक मतदान होगा। राज्यभर में 58,545 मतदान केंद्रों पर 5.21 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। ये मतदाता 2,615 उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत तय करेंगे। मतगणना 13 मई को होगी। आयोग के मुताबिक 224 विधानसभा क्षेत्रों में 58,282 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। प्रति मतदान केंद्र औसतन 883 मतदाता हैं। 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग की सुविधा है। बेहतर मतदाता अनुभव के लिए 1320 मतदान केंद्रों का प्रबंधन महिला अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। वरिष्ठ नागरिकों और विकलांग मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। पहली बार कर्नाटक में 12.15 लाख 80 वर्ष से अधिक और 5.55 लाख बेंचमार्क दिव्यांग मतदाताओं के लिए घरेलू मतदान की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। मतदाता सूची के अनुसार 5.55 लाख दिव्यांग मतदाता भी हैं। कर्नाटक चुनाव में इस बार 9.17 लाख से अधिक पहली बार मतदान करने वाले मतदाता हैं। साथ ही अग्रिम आवेदन सुविधा के तहत, 17 वर्ष से अधिक उम्र के युवाओं से 1.25 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से लगभग 41,000 आवेदन 01 अप्रैल, 2023 तक 18 वर्ष के हो चुके युवाओं से प्राप्त हुए।

BRIEF NEWS

## जन सुरक्षा योजनाओं के आठ साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री ने बधाई दी

**AGENCY DELHI :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के आठ साल पूरे होने पर लाभार्थियों को बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने वित्त मंत्रालय के एक ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 8 साल पहले शुरू की गई जन सुरक्षा योजनाएं करोड़ों भारतीयों के लिए मजबूत समर्थन का स्रोत रही हैं। उन्होंने लोगों को एक प्रभावी सामाजिक सुरक्षा कवच प्रदान किया है। सभी लाभार्थियों को मेरी शुभकामनाएं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम जेजेबीवाई, पीएम एसबीवाई और एपीवाई सहित तीनों जन सुरक्षा योजनाओं का शुभारम्भ 9 मई, 2015 को कोलकाता, पश्चिम बंगाल से किया था। 26 अप्रैल 2023 तक पीएम जेजेबीवाई, पीएम एसबीवाई और एपीवाई के तहत क्रमशः 16:2 करोड़, 34:2 करोड़ और 5:2 करोड़ नामांकन किए गए हैं।

## ममेरे भाई की शादी में शामिल होने ननिहाल जाएंगे सीएम हेमंत सोरेन



**PHOTON NEWS RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 22 मई को जमशेदपुर जिले के चांडिल प्रखंड के धातकीडीह गांव में अपनी ननिहाल में ममेरे भाई की शादी में शामिल होंगे। इसको लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। बुधवार को जिला प्रशासन ने गांव पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। जानकारी मिली है कि मुख्यमंत्री के मामा लखीराम किस्कू के पुत्र धरम किस्कू की शादी 22 मई को होना निश्चित हुआ है। मुख्यमंत्री अपने ननिहाल में होने वाली शादी समारोह में सपरिवार आएंगे और 23 मई की रिसेप्शन पार्टी में भी शरीक होंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। मंगलवार को उपायुक्त अरबा राजकमल, पुलिस अधीक्षक प्रकाश आनंद आदि जिला प्रशासन की पूरी टीम धातकीडीह गांव पहुंचे। पदाधिकारियों ने हेलीपैड स्थल और गांव की सड़कों का जायजा लिया। प्रशासन ने गांव में चल रही तैयारियों का भी जायजा लिया।

## नीतीश कुमार आज आयेंगे रांची, सीएम हेमंत से करेंगे मुलाकात

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड की सियासत के लिए बुधवार बड़ा दिन होगा। दो पड़ोसी राज्यों के मुख्यमंत्री विपक्षी एकता को मजबूत करने के लिए एकजुट होंगे और भविष्य की राजनीति को लेकर मंथन करेंगे। बिहार के सीएम नीतीश कुमार का बुधवार को रांची आगमन होगा। वे झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात करेंगे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर शाम 4 बजे विशेष विमान से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के साथ नीतीश कुमार रांची पहुंचेंगे। पार्टी के प्रवक्ता सागर कुमार ने कहा कि बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर राज्यसभा सांसद सह झारखंड जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो के नेतृत्व में पार्टी के सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार के स्वागत के लिए कार्यकर्ता पहुंचेंगे। साथ ही सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी और जिला अध्यक्ष भी एयरपोर्ट पर मौजूद रहेंगे।

## आउटकम बजट की प्रगति पर आज होगी बैठक

**PHOTON NEWS RANCHI :** चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए तैयार किए गए आउटकम बजट के इंडिग्रेटर्स एवं प्रगति पर बैठक 10 मई को योजना एवं विकास विभाग के सभागार में होगी। इसके लिए योजना एवं विकास विभाग ने सभी विभागीय अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिवों को पत्र भेजा है।

# सरकार के खिलाफ बोलने पर मुझे बागी कहा जाता है : MLA LOBIN HEMBROM

## विधायक ने फिर हेमंत सरकार को घेरा, 30 जून से आंदोलन का ऐलान

**PHOTON NEWS RANCHI :** बोरियो से झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक लोबिन हेंब्रम ने एक बार फिर अपनी ही सरकार को घेरा है। हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार आदिवासी हित की बात करती है और आज आदिवासी समुदाय अपने हक और अधिकार के लिए संघर्ष कर रही है। हेमंत सरकार को इस ओर कोई ध्यान ही नहीं है। राजधानी रांची के पुराने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए विधायक लोबिन हेंब्रम ने कहा कि जिस उद्देश्य से झारखंड अलग हुआ था, वह उद्देश्य अबतक पूरा ही नहीं हो सका है। वर्तमान सरकार को घेरते हुए विधायक कहते हैं कि आज तक सरकार सीएनटी, एसपीटी और पेसा एक्ट लागू नहीं कर पायी। कहा कि अगर करती, तो आज आदिवासियों की जमीन इस



पत्रकारों से बातचीत करते विधायक लोबिन हेंब्रम एव अन्य ● फोटोन न्यूज

तरह न हड़पी जाती। कहा कि आज राज्य में छवि रंजन जैसे कितने छवि हैं जो झारखंड के गरीब लोगों की जमीन को लूटने का काम कर रहे हैं। हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ये सरकार की नाकामी है कि आदिवसियों की जमीन बचाने के लिए सरकार कुछ नहीं कर सकी। कहा कि जब-जब मैंने आवाज उठाये, तब-तब मुझे बागी कहा जाता है। इसके बावजूद मैं राज्य के लोगों की हित की करता रहूंगा। कहा कि आदिवासियों के पास जो जमीन है उसे हड़पा जा रहा है। छात्र सड़क पर उतर कर आंदोलन कर रहे हैं और पुलिस उनपर लाठियां चला रही है। विधायक लोबिन हेंब्रम ने कहा कि सरकार को कुछ तो सोचना चाहिए। जिस मेहनत और आंदोलन की बदौलत झारखंड राज्य का गठन हुआ था। उस आंदोलन और मेहनत को आज कोई याद नहीं कर रहा है। मैं बार-बार आवाज उठा रहा हूं। कहा कि सरकार के पीछे डंडा लेकर तो नहीं घूम सकता। जल्द ही इस दिशा में सरकार कोई कदम नहीं उठाती, तो इस सरकार के खिलाफ भी आंदोलन करने से गुरेज नहीं करेंगे। कहा कि आगामी 30 जून को सिदो-कान्हू की जन्मस्थली भोगनाडीह से राजनीतिक विस्फोट होगा।

# मंजूर अंसारी एक मंजे हुए नेता : आलमगीर आलम

● नवनियुक्त प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन मंजूर अंसारी ने की कार्यकारिणी की पहली बैठक

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के नवनियुक्त चेयरमैन मंजूर अंसारी की अध्यक्षता में मंगलवार को पुराने विधानसभा सभागार में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की कार्यकारिणी की बैठक की गयी। बैठक में शामिल ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि मंजूर अंसारी एक मंजे हुए नेता हैं। निश्चित तौर पर इनके नेतृत्व में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग का संगठन मजबूत होगा। उन्होंने कहा, सरकार ने अल्पसंख्यकों की समस्याओं का समाधान करने की पूरी कोशिश की। संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करें। 20 24 में बीजेपी की सरकार को उखाड़ फेंकना है। देश के जो हालात हैं, वो किसी से छिपा हुआ नहीं है। महंगाई, बेरोजगारी चरम सीमा पर है। चेयरमैन मंजूर अंसारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रभारी अविनाश पांडे, राष्ट्रीय चेयरमैन इमरान प्रतापगढ़ी का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ कांग्रेस नेतृत्व ने मुझे जिम्मेदारी दी है, उसे हर संभव निभाने की कोशिश करूंगा। हम सभी का एक लक्ष्य होना चाहिए के किस तरह से कांग्रेस पार्टी को जिला, प्रखंड और पंचायतों में मजबूत करें। अल्पसंख्यक विभाग आप सभी को विश्वास दिलाता है कि सभी वर्गों के अल्पसंख्यकों को साथ लेकर बेहतर संगठन बनाने का प्रयास करेंगे। संगठन में सभी कर्मठ कांग्रेसी को जगह मिलेगी, जो संगठन के लिए दिन -रात लगे हुए रहते हैं। बैठक में मंत्री बादल, डॉ एम तौसीफ, सचिव शमशेर आलम, कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी उमैर खान, अख्तर असली गुलाम रब्बानी, महताब सिद्दीकी, हसनैन जैदी, हाजी सिकंदर, सलाम अंसारी, तस्लीम अंसारी, फैयाज केसर सहित कई उपस्थित थे।

# जल्द नगर निगम चुनाव कराए सरकार : सेठ

**RANCHI PHOTON NEWS** रांची के सांसद संजय सेठ ने मंगलवार को पार्षदों के साथ बैठक की। बैठक में सभी पार्षदों ने नगर निगम का चुनाव जल्द कराने का आग्रह किया। सांसद सेठ ने कहा कि राज्य सरकार अविलंब ट्रिपल टेस्ट कराकर नगर निगम का चुनाव सुनिश्चित करे। उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए संजय सेठ ने कहा कि जैसे उत्तर प्रदेश सरकार ने ट्रिपल टेस्ट करा कर 6 महीने के अंदर चुनाव करवा रही है, उसी तरह झारखंड सरकार को अगले कुछ महीनों में ट्रिपल टेस्ट करा कर चुनाव का रास्ता साफ करना चाहिए। लेकिन यह तभी संभव है जब राज्य सरकार इसको लेकर गंभीर होगी। उन्होंने कहा कि अगर जल्द चुनाव नहीं हुए तो शहर में विकास कार्य बाधित हो जाएगा। विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, लाल



पार्षदों के साथ बैठक करते सांसद संजय सेठ ● फोटोन न्यूज

कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित कई ऐसे महत्वपूर्ण योजनाएं के लाभ मिलने में बाधा होगी। उन्होंने कहा कि जल्द केंद्र सरकार के नगर विकास मंत्रालय के मंत्री से मिलकर राज्य सरकार को जल्द चुनाव कराने के लिए बाध्य करेंगे। अगर राज्य सरकार चुनाव नहीं कराती है, तो भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। बैठक में पार्षद विनोद सिंह, अरुण झा, रौशनी खलखो, आनंद मूर्ति, ओमप्रकाश, सुनील कुमार यादव, सुजाता कच्छप, वीणा अग्रवाल, अशोक यादव, नकुल तिर्की, दिनेश राम, दीपक लोहरा, सुचिता रानी राय, रीता मुंडा, कृष्णा महतो उपस्थित थे।

## कांग्रेस-झामुमो के 250 कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन

# 2024 के चुनाव में कमल फूल खिलना तय : दीपक

**PHOTON NEWS RANCHI :** प्रदेश भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को निरंजन सिन्हा के नेतृत्व में कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा के 250 के करीब कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो गए। प्रदेश अध्यक्ष और राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश ने निरंजन कुमार सिन्हा को भाजपा का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया। बाबाधाम से आए पंडितों ने मंत्रोच्चारन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। दीपक प्रकाश ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में कांग्रेस और झामुमो पार्टी के कार्यकर्ता चुनाव से पहले भाजपा का दामन थाम रहे हैं। यह दशार्ता है कि कार्यकताओं को भी समझ आने लगा है कि ये पार्टियां अब डूब रही है। ऐसे में 2024 के



प्रदेश भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देते दीपक प्रकाश व अन्य ● फोटोन न्यूज

विधानसभा चुनाव में कमल फूल खिलना तय है। झारखंड की जनता हेमंत सरकार को चुनाव में उखाड़ फेकेंगी। इस दौरान निरंजन सिन्हा ने कहा कि 2014 चुनाव में मैं भाजपा के साथ ही था। यह भाजपा के साथ मेरी दूसरी पारी है। अब अगले लोकसभा चुनाव में फिर से कमल खिलना चाहिए। विधानसभा चुनाव में भी झामुमो और कांग्रेस को उखाड़ फेंकना है । निरंजन कुमार सिन्हा इससे पूर्व कांग्रेस पार्टी में थे। पिछले दिनों देवघर में भाजपा कार्यालय भवन के शिलान्यास समारोह में प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह देवघर आये थे। इस दौरान बंद कमरे में प्रदेश के इन दो शीर्ष नेताओं के साथ एनके सिन्हा की बातचीत हुई।

# हिंदूवादी नेताओं के ऊपर झूठे मामले दर्ज कराने वालों पर होगी सीधी कार्रवाई : बाबूलाल मरांडी

## पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने जमशेदपुर के प्रशासनिक पदाधिकारियों को निशाने पर लिया

**PHOTON NEWS RANCHI :** भाजपा विधायक दल के नेता और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को जमशेदपुर के प्रशासनिक पदाधिकारियों को निशाने पर लिया है। मंगलवार को चाईबासा के पिल्लई हॉल मैदान में हिंदूवादी भाजपा नेता अभय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी के पश्चिमी सिंहभूम जिला ईकाई के द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में वे शामिल हुए थे। इस दौरान कहा कि विगत दिनों पूर्वी सिंहभूम के



पिल्लई हॉल मैदान में कार्यक्रम को संबोधित करते बाबूलाल मरांडी ● फोटोन न्यूज

जमशेदपुर में घटी एक घटना से जोड़कर अभय सिंह सहित कई हिंदूवादी नेताओं के विरुद्ध प्रशासन द्वारा एकतरफा कार्रवाई की गयी। यह निंदनीय है। जब से झारखण्ड में हेमंत सरकार का गठन हुआ है, तब से ही यह सरकार तुष्टिकरण के तहत केवल एक विशेष समुदाय को खुश रखने के लिए ही हिंदूवादी नेताओं एवं लोगों पर कार्रवाई कर रही है. सारा खेल राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन के निर्देश पर किया जा रहा है. वोट बैंक को सुरक्षित करने की रणनीति में विभिन्न जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक हेमन्त सरकार का साथ दे रहे हैं। यही कारण है कि लगातार 7 हिंदूवादी नेताओं को झूठे मामलों मे फंसाने की कवायद तेज हो गयी है। मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार के गुड़ बुक मे बने रहने की नीयत से विभिन्न जिलों के कई डीसी एवं एसपी भी जुट गये हैं: वैसे ब्यूरोक्रेटस की सूची तैयार की जा रही है. मिशन 2024 के तहत सत्ता में आने के बाद उन पर सीधी कार्रवाई की जायेगीः मौके पर झारखण्ड प्रदेश भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी, पूर्व विधायक शशि भूषण सामड, जवाहर लाल बानरा, गुरु चरण नायक सहित अन्य भी उपस्थित थे।

# सभी बीडीओ पंचायतों को कार्यशील बनाने की दिशा में कार्य करें : राजेश्वरी

**PHOTON NEWS RANCHI:** मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने राज्य के सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे पंचायतों के पूरी तरह से कार्यशील बनाने की दिशा में कार्य करें। मनरेगा आयुक्त ने कहा कि उन्होंने देखा है कि आज भी पंचायत भवनों से पूरी तरह से कार्य नहीं हो रहा है, अब भी प्रखंड कार्यालयों से 98 फीसदी काम हो रहा है। ऐसे में पंचायतों की भूमिका खास नहीं रह जा रही है। ऐसे में पंचायत सचिव, मुखिया के पास कुछ खास काम नहीं हो रहा है। मनरेगा आयुक्त ने कहा कि पंचायतों की सिस्टम पूरी तरह से ऑनलाइन नहीं है। इंटरनेट की व्यवस्था सही नहीं है। बिजली की भी समस्या है। लाभुकों को समय



से भुगतान भी नहीं हो पा रहा है। ऐसे में सारा कुछ अब भी प्रखंड कार्यालय से ही हो रहा है। उन्होंने सभी बीडीओ को निर्देश दिया है कि पंचायतों को कार्यशील बनाने के लिए काम करें। वहां हर जरूरी संसाधन हो इसके लिए वे खुद अपनी मॉनिटरिंग में काम करायें। बिरसा हरित ग्राम, दीदी बाड़ी योजना, जेएसएलपीएस की योजनाओं का क्रियान्वयन पंचायत स्तर बेहतर तरीके से होने पर विकास कार्य आसानी हो सकेगा।

# समाज को संगठित करने में महिलाओं की प्रमुख भूमिका : मंत्री एनोस एक्का

## महिला संघ का 21वीं शिक्षा सम्मेलन संपन्न

**PHOTON NEWS RANCHI :** मंडली में जीईएल चर्च बोंगराम पास्टोरेट महिला संघ की 21वीं शिक्षा सम्मेलन संपन्न हुई । इस कार्यक्रम में झारखंड सरकार में पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। महिला संघ ने एनोस एक्का का परंपरागत तरीके से स्वागत किया। इसके बाद पादरी जय प्रकाश, जॉन गुड़िया, फादर वटवेल लुगुन, प्रचारक अमृत टेटे, सुरेश टूडू और नमन लुगुन ने मुख्य आराधना किया। पादरी ने मसीह समाज में पति-पत्नी का एक-दूसरे के प्रति क्या जिम्मेदारी है, कलीसिया समुदाय के आर्थिक व्यवस्था में महिलाओं का योगदान सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गयी। एनोस एक्का ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं का समाज में महत्वपूर्ण भूमिका है। वे परिवार और समाज को जोड़ कर रखती हैं। महिला पूरे परिवार को समेट कर रखती है। उन पर परिवार के भरण पोषण की भी जिम्मेदारी रहती है। उन्होंने महिलाओं को संगठित रहने और समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान निभाने की अपील की एनोस एक्का ने आगे कहा कि 15 सालों के बाद आपका बेटा एक बार फिर इस क्षेत्र में सेवा के लिए आया है, तो इस क्षेत्र का विकास निश्चित ही अब तेज गति के साथ आगे बढ़ेगी। कहा कि वो पहले की तरह ही इस क्षेत्र के लिए काम करेंगे। कहा कि इस क्षेत्र में विभिन्न राजनीतिक दल बरगलाकर आदिवासी और ईसाई समाज के बीच भ्रम का जाल पैदा कर लोगों को बेवकूफ बना रहे हैं। लेकिन उनकी बातों में नहीं आना है और संगठित रहकर समाज के निर्माण में योगदान देना है। इधर झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ने भी अपने पिता की राह पर चलकर इस क्षेत्र में विकास की सभी संभावनाओं को तलाश करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक लोगों की सेवा करने की बात कही। इस मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## अमित शाह ने 108 करोड़ की परियोजना का किया उद्घाटन

# सीमा सुरक्षा में बीएसएफ की भूमिका को सराहा

**AGENCY KOLKATA** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की सुविधाओं के लिए चार जॉइंट आउटपोस्ट, एक रेजिडेंशियल काम्पलेक्स और एक ऑफिसर्स मेस का उद्घाटन किया है। 108 करोड़ रुपये की लागत से बनी इन परियोजनाओं में बीएसएफ के सात अलग-अलग थाने भी शामिल हैं, जिनका उद्घाटन शाह ने किया। इस दौरान उन्होंने सीमा पर सुरक्षा और शांति बहाली में बीएसएफ की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि 1971 के भारत बांग्लादेश युद्ध में बीएसएफ ने शानदार काम किया, जिसकी वजह से आज भी दोनों देशों के रिश्तों में अपनापन मौजूद है। शाह ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल ने भी बर्फीली चोटियों से लेकर रेगिस्तान तक, भूमि सीमा से लेकर बंगाल की खाड़ी तक, हर जगह हमारी भूमि और सीमा की



परियोजनाओं का उद्घाटन करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ● एजेंसी

सुरक्षा में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि बीएसएफ के बिना भारत की जमीनी सीमा की सुरक्षा की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। जब बीएसएफ का जवान सीमा पर तैनात होता है, तब देश में किसी को भी देश की जमीनी सीमा की सुरक्षा की कोई चिंता नहीं होती। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सीमा नीति में व्यापार का बहुत महत्व रहा है। 15 हजार किलोमीटर की भारत की भूमि सीमा सात देशों को छूती है और दक्षिण एशिया के सभी देशों के साथ हमारे संबंध और व्यापारिक रिश्ते मजबूत हों, इसके लिए मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद नई नीति बनाई गई। उन्होंने कहा कि पहले बॉर्डर इन्फ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, व्यापार, पीपल टू पीपल कनेक्टिविटी और बॉर्डर विलेज डेवलपमेंट की बहुत कमी थी। शाह ने कहा कि मोदी सरकार में आज बॉर्डर इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप हो रहा है, कनेक्टिविटी बढ़ रही है, देशों के साथ व्यापार बढ़ रहा है, पीपल टू पीपल कनेक्टिविटी भी बढ़ रही है और बॉर्डर विलेज डेवलपमेंट के माध्यम से सीमावर्ती गांव आज देश के प्रथम गांव बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार की सीमा सुरक्षा की नीति बहुत स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों मे मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर पर काम कर रही है। सीमावर्ती गांवों में देश के हर गांव जैसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के प्रयास कर रही है और इन गांवों में कनेक्टिविटी सुधारने पर भी हम काम कर रहे हैं।

Daily THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Wednesday, 10 May 2023


# 7वीं JPSC मामला : नियुक्ति से वंचित अभ्यर्थियों की याचिका पर HIGH COURT ने मांगा जवाब

**PHOTON NEWS RANCHI**

सातवीं जेपीएससी के अभ्यर्थियों द्वारा दाखिल 14 याचिकाओं पर झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ. एस एन पाठक की अदालत में एक साथ सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने जेपीएससी को जवाब दाखिल करने के लिए अंतिम मौका दिया है. इस मामले में कोर्ट ने 21 जून को काउंटर एफिडेविट के जरिये जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

अभ्यर्थियों की ओर से अधिवक्ता सुमित गाड़ोदिया और अमृतांश वत्स ने पक्ष रखा. वहीं जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल और प्रिंस कुमार ने बहस की. बता दें कि इस संबंध में अंजलि बाखला और सुनील कुमार सुमन सहित अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। याचिका में खढरउ द्वारा विज्ञापन शर्तों के अनुरूप कास्ट सर्टिफिकेट जमा नहीं करने के आधार पर नियुक्ति से बाहर करने के आदेश को चुनौती दी गयी है।



## हाई कोर्ट ने ध्वनि प्रदूषण नियम के उल्लंघन मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का दिया निर्देश

**PHOTON NEWS RANCHI**

झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मंगलवार को शहर में बैंकट हॉल, धर्मशाला, मैरिज हॉल में लाउडस्पीकर एवं डीजे के साथ रात 10:30 बजे के बाद बारात लगने से ध्वनि प्रदूषण रूल का उल्लंघन होने को लेकर दाखिल झारखंड सिविल सोसाइटी की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। खंडपीठ ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि रात 10:30 बजे के बाद बारात लगने से ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम को लेकर क्या एक्शन लिया गया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 11 जुलाई निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता खुशबू कटारुका ने पैरवी की। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि शहर के आवासीय इलाके में बने बैंकट हॉल, धर्मशाला, मैरिज हॉल आदि जगहों पर रात 10:30 बजे के बाद बारात को लगने की अनुमति नहीं दी जाए।

लाउडस्पीकर या डीजे के शोर-शराबे के साथ रात 10:30 बजे के बाद इन जगहों पर बारात लगती है लेकिन धर्मशाला, मैरिज हॉल संचालकों द्वारा के उन्हें 10:30 बजे के पहले बरात लगाने को नहीं कहा जाता है

रात 10:30 बजे के बाद लाउडस्पीकर एवं डीजे के शोर-शराबे के साथ बारात लगने से आवासीय क्षेत्र में रहने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है। यह ध्वनि प्रदूषण रूल का उल्लंघन है। सरकार को इस पर रोक लगाना चाहिए।

# HC में सजायाफ्ता पूर्व विधायक बंधु तिर्की की अपील पर होगी 28 जून को बहस

**PHOTON NEWS RANCHI**

झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस नवनीत कुमार की कोर्ट में मंगलवार को आय से अधिक संपत्ति मामले में मांडर के पूर्व विधायक बंधु तिर्की को सीबीआई कोर्ट से सुनाई गई सजा के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई हुई। इस मामले में कोर्ट ने बहस के लिए 28 जून की तिथि निर्धारित की है।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता निलेश कुमार ने पैरवी की। हाई कोर्ट के आदेश पर निचली अदालत से रिकॉर्ड आ चुका है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मामले में निचली अदालत से रिकॉर्ड मांगा था। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने 28 मार्च, 2022 को 6 लाख 28 हजार आय से अधिक रुपये अर्जित करने के मामले में बंधु तिर्की को तीन साल की सजा सुनाई थी। साथ ही उन पर 3 लाख रुपये जुमार्ना भी लगाया था। जुमार्ने की राशि अदा नहीं करने पर उन्हें छह महीने की अतिरिक्त सजा भुगतने का निर्देश दिया था।

सीबीआई ने बंधु तिर्की के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा कांड में 11 अगस्त, 2010 को आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में आरसी 5/2010 दर्ज की थी। 16 जनवरी, 2019 को उन पर आरोप तय किये गए थे।

## राज्य सरकार छह माह के भीतर सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए नीतिगत निर्णय ले : हाईकोर्ट

**PHOTON NEWS RANCHI**

झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मंगलवार को राज्य सरकार को माडा (मिनरल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी) और पलामू जिला परिषद के कर्मचारियों को पेंशन एवं रिटायरमेंट बेनिफिट दिलाने का आग्रह करने वाली वैभव गहलोत की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने आदेश दिया कि राज्य सरकार छह माह के भीतर इन सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए नीतिगत निर्णय ले, ताकि इन्हें पेंशन एवं सेवानिवृत्ति लाभ का भुगतान सुनिश्चित कराया जा सके।

कोर्ट ने कहा कि संबंधित विभाग की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है, जिससे वह इन कर्मियों के सेवानिवृत्ति लाभ का भुगतान कर सके। ऐसे में राज्य सरकार की जिम्मेदारी होती है कि जिन लोगों ने उनके लिए काम किया है उनका रिटायरमेंट बेनिफिट उन्हें उपलब्ध कराया जाये। कोर्ट ने यह भी कहा कि इन लोगों को सेवानिवृत्ति लाभ दिलाने से इनकार नहीं किया जा सकता है। याचिका में कहा गया है कि उन्हें नियमित रूप से पेंशन का भुगतान सुनिश्चित कराया जाये।

## मणिपुर से लौटे झारखंड के 21 विद्यार्थी

### विद्यार्थियों ने सकुशल वापसी के लिए सीएम के प्रति जताया आभार



मणिपुर से लौटे विद्यार्थी। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की संवेदनशीलता, प्रयास और त्वरित पहल से मणिपुर के हिंसा ग्रस्त क्षेत्र में फंसे झारखंड के 21 छात्र-छात्राओं की की मंगलवार को सकुशल वापसी हुई। इन सभी विद्यार्थियों को सुबह इंफाल से पटना के लिए एअरलिफ्ट किया गया और फिर पटना से 18 छात्र- छात्राओं को बस से रांची लाया, जबकि तीन विद्यार्थी पटना से अन्य जिलों में स्थित अपने घर के लिए रवाना हो गए। इन सभी विद्यार्थियों ने मणिपुर में जारी हिंसा के बीच सकुशल झारखंड वापसी के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया है।

श्रम विभाग के राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को झारखंड के वैसे 34 छात्र-छात्राओं की सूची प्राप्त हुई थी, जो मणिपुर हिंसा में फंसे हुए थे। इनमें इनमें से 22 विद्यार्थी झारखंड स्थित अपने घर वापस आना चाहते थे । मणिपुर में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय आईआईटी मणिपुर और अन्य विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे रांची, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, बोकारो और धनबाद के 21 विद्यार्थियों को वापस लाने के लिए राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने पहल शुरू की।

इसके बाद राज्य सरकार के श्रम विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग के सहयोग से इनका हवाई टिकट कंफर्म किया गया। इस क्रम में सभी विद्यार्थियों को एयर लिफ्ट करा कर पहले इंफाल से पटना लाया गया। इसके बाद रांची जिला प्रशासन की ओर से विद्यार्थियों को रिसीव करने के लिए एक अधिकारी को पटना भेजा गया। वहां से ये अधिकारी 18 विद्यार्थियों को बस से लेकर रांची आएं। वहीं, अन्यतीन विद्यार्थी पटना से ही अन्य जिलों में स्थित अपने घर के लिए रवाना हो गए।

# लूटपाट के लिये जमशेदपुर के अनूप दास की हुई थी हत्या, तीन गिरफ्तार

### 1 लाख रुपया नकद, एक चाकू और तीन मोबाईल फोन बरामद

**CRIME REPORTER RANCHI**

तमाड़ थाना पुलिस ने जमशेदपुर के अनूप कुमार दास हत्याकांड का उद्भेदन करते हुए तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी में सत्यजीत पाठक, राजेश लोहरा, विपिन सिंह मुण्डा का नाम शामिल है। सभी आरोपी रांची जिले के तमाड़ थाना क्षेत्र के रहने वाले है। गिरफ्तार आरोपी के निशानदेही पर 1 लाख रुपया नगद, एक चाकू और तीन मोबाईल फोन बरामद किया गया। अनुप कुमार दास अफीम की खेती करना चाहता था। इसके लिये पूर्व परिचित सत्यजीत पाठक से संपर्क किया। सत्यजीत अफीम पोस्ता दाना दिलवा देने की बात कहकर रुपये लेकर बुलाया, अनुप कुमार दास जब एक लाख रुपये लेकर पहुंचा तो अपराधियों ने लूटपाट कर हत्या कर दी।



गिरफ्तार अपराधी व जानकारी देती पुलिस। ● द फोटोन न्यूज

ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि जमशेदपुर मानगो निवासी अमित कुमार दास ने तमाड़ थाना में आवेदन दिया था कि इनका बड़ा साई अनूप कुमार दास 2 मई को शाम स्कूटी से घर से यह कहकर निकले थे कि बुण्डू तमाड़ जा रहे है। रात में फोन से सूचना मिली कि इनके बड़े भाई अनूप कुमार दास तमाड़ थाना क्षेत्र के पंडरानी गांव स्थित पीसीसी सड़क पर खून से लथपथ पड़े हुये हैं। अमित अपने परिजनों के साथ पंडरानी पहुंचे, तो देखा बड़े भाई के शरीर पर कई जगह किसी धारदार हथियार से वार किया गया है तथा वे खून से मृत पड़े हुए हैं।

मामले का उद्भेदन के लिये एसएसपी के द्वारा ग्रामीण एसपी के निर्देशन में तमाड़ थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम घटना में शामिल सत्यजीत पाठक, राजेश लोहरा और विपिन सिंह मुण्डा को गिरफ्तार किया गया। अपराधियों ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में इस कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है।

पूछताछ में बताया कि मृतक अनुप कुमार दास का सत्यजीत पाठक से पूर्व से जान पहचान थी। अनुप कुमार दास ने सत्यजीत पाठक को फोन कर बोला कि मुझे अफीम पोस्ता दाना की आवश्यकता है, इस पर सत्यजीत पाठक के द्वारा अनुप कुमार दास से बोला गया कि अफीम की खेती करने वालों से मेरी जान पहचान है, तुम पैसा लेकर आओ, हम तुम्हें अफीम पोस्ता दाना दिलवा देंगे। इसी बीच सत्यजीत पाठक ने अपने दोस्त राजेश लोहरा एवं विपिन सिंह मुण्डा को तैयार किया कि अनुप कुमार दास जब पैसा लेकर अफीम पोस्ता खरीदने आयेगा तो चाकू मारकर पैसा लूट लेना है। इसी योजना के तहत जब अनुप कुमार दास एक लाख रूपया लेकर अफीम पोस्ता खरीदने आया तो उक्त तीनो अपराधकर्मियों के उन पर हमला कर रूपया लूट लिये और भाग गये।

## सिरम टोली सरना स्थल सौंदर्यीकरण विवाद में नया मोड़

# नेशनल ST कमीशन ने भेजा समन, कंसर्निंग ऑफिसर 12 मई को आयोग में हों हाजिर

**PHOTON NEWS RANCHI**

सिरम टोली सरना स्थल सौंदर्यीकरण विवाद में नया मोड़ आ गया है। नेशनल एसटी कमीशन ने इस पर संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग एवं अफसर को 12 मई को आयोग में हाजिर होने के लिए समन भेजा है। कहा है कि यह कार्य आदिवासी कल्याण मंत्रालय का है। जबकि इस काम के लिए जिम्मेवार अफसर रांची डीसी, रांची जिला कल्याण पदाधिकारी और नियुक्त मजिस्ट्रेट रांची सीओ अमित भगत हैं। इसलिए इन तीनों में किसी एक को एसटी आयोग के समक्ष उपस्थित होना होगा। आयोग के ऑफिसर एचआर मीना द्वारा जारी समन में कहा गया है कि 24 अप्रैल 2022 को ही सिरम टोली ग्राम निवासी अरविंद हंस एवं अन्य सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्थल के



सिरम टोली स्थित सरना स्थल । ● द फोटोन न्यूज

संरक्षण और इसे बचाने को लेकर आए थे। इसलिए संबंधित अथॉरिटी 12 मई को शाम 4 बजे तक आयोग कार्यालय दिल्ली उपस्थित हों।

सिरम टोली सौंदर्यीकरण एवं पांच मंजिला भवन बनाने को लेकर उठे विवाद के बाद अरविंद हंस एवं अन्य लोगों ने नेशनल एसटी आयोग में गुहार लगायी थी। गत 28 अप्रैल को शिलान्यास के एक साल बाद रांची पुलिस प्रशासन और प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट अमित भगत के नेतृत्व में भारी विरोध एवं विवाद के बीच सिरम टोली सौंदर्यीकरण का काम शुरू कराया गया। इसके बाद विरोधकर्ता अरविंद हंस एवं अन्य ने फिर से एसटी आयोग का दरवाजा खटखटाया था। मालूम हो कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा पिछले वर्ष ही इस योजना का शिलान्यास किया गया था।

न्यू गार्डेन सिरम टोली सरना स्थल के अध्यक्ष सुमित कच्छप, देवकी हंश, मंजू हंस, सन्नी हेमरोम आदि ने कहा कि उनका विरोध सौंदर्यीकरण को लेकर नहीं है और न ही जमीन विवाद है। उनका विरोध केवल इसलिए है कि पांच मंजिला भवन बनने से सरना स्थल छोटा हो जाएगा. अभी इस रोड में फ्लाईओवर भी बन रहा है, जिसमें सरना स्थल की चहारदीवारी टूटनी है। इससे सरना स्थल और छोटा हो जाएगा. सौंदर्यीकरण हो, मगर पांच मंजिला भवन न बने, क्योंकि इसके लिए सरना स्थल की बड़ी जगह खत्म हो जाएगी. इसलिए इसका निर्माण किसी भी कीमत पर होने नहीं देंगे।

केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, अखिल भारतीय आदिवासी जनपरिषद की कुंदरसी मुंडा, आदिवासी अधिकार मोर्चा के लक्ष्मी नारायण मुंडा, सिरम टोली मौजा के संतोष तिर्की आदि ने बताया कि इसका निर्माण पूरी तरह से आदिवासी सभ्यता-संस्कृति और रीति-रिवाज को देखकर किया जा रहा है। काम शुरू होने के पहले आम सभा हुई, जिसमें सिरम टोली मौजा के सभी टोलों के सामाजिक अगुवा, आदिवासी संगठन के प्रतिनिधि और पाहन शामिल हुए। बहुमत से इसका समर्थन किया गया. जो लोग विरोध कर रहे हैं, वही लोग इस स्थल को वर्षों पूर्व बेच चुके थे। समाज के लोगों ने इसे बचाकर सरना स्थल के रूप में पहचान दिलायी।


## सजायाफ्ता गैंगस्टर अनिल शर्मा को बाईपास सर्जरी की जरूरत

**PHOTON NEWS RANCHI**

गैंगस्टर अनिल शर्मा के सीने में दर्द की शिकायत के बाद रिम्स में उसकी एंजियोग्राफी कराई गई, जिसमें हार्ट ब्लॉकेज की समस्या सामने आई। उसे अब बाईपास सर्जरी की जरूरत है।

रिम्स के पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने मंगलवार को बताया कि अनिल शर्मा की एंजियोग्राफी जांच करायी गयी, जिसमें हार्ट में ब्लॉकेज की पुष्टि हुई है। उसे रिम्स के कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) के डॉ विनित महाजन के अंदर में रेफर कर दिया गया है। सीटीवीएस विभाग के डॉ विनित ने बताया कि जांच के दौरान यह सामने आया कि उसके हार्ट की तीनों नसों में ब्लॉकेज है। बाईपास सर्जरी करनी पड़ेगी, जिसकी जानकारी मरीज को दे दी गयी है।

इससे पूर्व बीते सप्ताह तीन मई की सुबह चार बजे के करीब सीने में दर्द के बाद हजारीबाग केंद्रीय कारागार में सजा काट रहे गैंगस्टर अनिल शर्मा को हजारीबाग मेडिकल कॉलेज एंड



रिम्स में अनिल शर्मा। ● द फोटोन न्यूज

हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। वहां से उसे छह मई को रिम्स रेफर किया गया था। रिम्स के कार्डियोलॉजी विभाग के चिकित्सक डॉ मृणाल कुंज की देखरेख में उसका इलाज किया जा रहा था।

उल्लेखनीय है कि भोमा सिंह हत्याकांड में अनिल शर्मा सजायाफ्ता है। वह पिछले दो साल से केंद्रीय कारा हजारीबाग में सजा काट रहा है। अनिल शर्मा 23 साल से जेल की सजा काट रहा है।

## BRIEF NEWS

### सदर थाना की पुलिस पर लापरवाही का आरोप

**RANCHI :** सदर थान क्षेत्र स्थित टुनकी टोला में रहने वाली महिला सुभद्रा कुमारी ने सदर थाना की पुलिस पर लापरवाही करने का आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत की है। महिला का कहना है कि वर्ष 2015 में राजेश महतो से उसकी शादी हुई थी। पांच वर्ष तक दोनों में अच्छा संबंध था। वर्ष 2020 में राजेश महती दूसरी लड़की के साथ रहने लगा। सुभद्रा के साथ उसने बातचीत भी करना छोड़ दिया। सुभद्रा ने कोट में मामला दर्ज किया। कोर्ट से आदेश हो चुका है कि आरोपित की गिरफ्तारी की जाए और आगे की कार्रवाई की जाए। महिला प्रतिदिन सदर थाना जाती है लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है। एसएसपी ने महिला को आश्वासन दिया है कि पुलिस इस मामले में जल्द कार्रवाई करेगी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन को लेकर बैठक



बैठक करते डीसी। ● द फोटोन न्यूज

**RANCHI :** दिनांक 13 मई 2023 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन को लेकर उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय ब्लॉक अ स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में अपर समाहर्त्ता रांची, निदेशक डीआरडीए, परियोजना निदेशक आईटीडीए, एलआरडीसी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, डालसा प्रतिनिधि, विभिन्न अंचल अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारी अद्यतन प्रतिवेदन ससमय डालसा को समर्पित करें। राष्ट्रीय लोक अदालत में व्यवहार न्यायालय में लंबित मुकदमे प्रिलिटिगेशन संबंधी वाद, आपराधिक वाद, बैंक ऋण वसूलीवाद, मोटर दुर्घटना वाद, न्यायाधिकरण वाद, श्रम विवाद, माप-तौल अधिनियम के मामले, खनन, वन अधिनियम, भारतीय संचार निगम लिमिटेड (बी.एस.एन.एल) से संबंधित मामले, विद्युत तथा पानी बिल से से संबंधित विवादों आदि का निपटारा समझौते के आधार पर पक्षकारों की आपसी सहमति से निःशुल्क किया जाएगा।

### प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**RANCHI :** ओरमांझी थाना क्षेत्र के हुटुप स्थित एक प्लास्टिक फैक्ट्री में मंगलवार को भीषण आग लग गयी। अगलगी से वहां अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों और फैक्ट्री के कर्मियों ने खुद से ही आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वो सफल नहीं हुए। इसके बाद मामले की जानकारी अग्निशमन विभाग और ओरमांझी थाने को दी गई। लगभग छह दमकल के वाहन मौके पर पहुंचे और लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। अगलगी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। थाना प्रभारी ने बताया कि आग को बुझा लिया गया है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।


atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

## BRIEF NEWS

### हजारीबाग डीसी के जनता दरबार में आए दर्जनों मामले

**HAZARIBAGH :** उपायुक्त नैंसी सहाय के जनता दरबार मे मंगलवार को दर्जनों मामले आए। साप्ताहिक जनता दरबार मे जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने, एलपीसी निर्गत करने, पारिवारिक विवाद निपटारा, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंधित कई मामले आए।

### साहिबगंज में किशोर लापता, प्राथमिकी दर्ज

**SAHIBGANJ :** जिले में सोमवार देर शाम नगर थाना क्षेत्र के तिलकधारी बंगाली टोला निवासी नवीन कुमार (16) के लापता होने का मामला परिजनों ने मंगलवार को दर्ज कराया है। इस संबंध में नवल किशोर गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र सोमवार शाम को घर से कॉपी खरीदने के लिए कह कर निकला था लेकिन मंगलवार सुबह तक घर नहीं पहुंचा। परिजन ने किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए प्रशासन से जल्द बच्चे को खोजने की मांग की है। इससे पूर्व लालबाबू यादव के 12 वर्षीय पुत्र भवेश कुमार का भी अपहरण का मामला सामने आया था। इसमें फिरौती के लिए 80 लाख की मांग की गई थी लेकिन पुलिस प्रशासन की दबिश के बाद अपहरणकर्ताओं ने बच्चे को पीरपैंती में ही छोड़ दिया गया था।

### डीएवी गांधीनगर के बच्चों ने देखी फिल्म

**RANCHI :** रांची महानगर भाजयुमो कला और खेल प्रकोष्ठ की ओर से मंगलवार को डीएवी गांधीनगर के बच्चों को ऑस्कर फिल्म दिखाया गया। बच्चों ने हाथी फुसफुसाता है फिल्म देखी। भाजयुमो के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि बच्चों को फिल्म के जरिए यह शिक्षा दी गई कि हाथी सहित अन्य जीवों के प्रति प्रेम और सेवा का भाव किस तरह विकसित करना चाहिए। झारखंड में जीव और प्रकृति दोनों का बहुत गहरा संबंध है।हम सभी को इन दोनों में समर्पित होने की भावना रखनी चाहिए। जीवों को किसी रुप से दुःख या चोट नहीं पहुंचाना चाहिए,साथ ही उनकी देखभाल करनी चाहिए।

### हजारीबाग में वाहनों की टक्कर

**HAZARIBAGH :** चौपारण के दनुआ घाटी में मंगलवार को छह वाहन आपस में टकरा गए। इसमें जान की क्षति तो नहीं हुई लेकिन वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। कुछ लोगों को आंशिक चोटें भी आई। पहली दुर्घटना में सेंट्रो कार (डीएल 3 सीएटी 1044) कोयला लदे ट्रक (बीआर 44 पी 9207) तथा एक अन्य वाहन टकरा गए। जीटी रोड का एक लेन पूरी तरह से जाम हो गया। मुश्किल से पुलिस ने एक लेन से वाहनों का परिचालन जारी रखा। इसी बीच घाटी क्षेत्र के महानेटांड में ही एक कंटेनर ने स्कार्पियो और बोलेनो कार में टक्कर मार दी।इसके बाद वाहनों के परिचालन को ठीक करने में पुलिस को बडी मेहनत करनी पड़ी।

### गिरिडीह में कोयला तस्करी के 14 आरोपितों पर मामला दर्ज

**GIRIDIH :** जिले के निमियाघाट थाना क्षेत्र के बुढ़ीसराय जंगल से कोयले की बरामदगी के मामले में पुलिस ने 14 लोगों को नामजद आरोपित बनाया है। निमियाघाट के प्रभारी थानेदार अशोक कुमार ने मंगलवार को बताया कि इस मामले में डुमरी थाना क्षेत्र के चेगड़ो निवासी उपेन्द्र महतो, घुटवाली निवासी सुरेश महतो, निमियाघाट थाना क्षेत्र के बालेडीह निवासी बब्लू अंसारी, याकूब मियां, लियाकत अंसारी, सुल्तान अंसारी, इसरी बाजार निवासी दीपू गुप्ता, चंदनकुरवा निवासी बिरजू मुर्मू, सुगन मांझी, कुल्ही निवासी दीप नारायण महतो, केदार महतो, बलराम महतो, मौजीलाल महतो और हुलास महतो सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# गढ़वा: 6.94 ग्राम हेरोइन के साथ तीन गिरफ्तार

**PHOTON NEWS GARHWA**

गढ़वा पुलिस ने तीन लोगों को सोमवार को टंडवा डानरो नदी स्थित स्टूडेंट क्लब के पास से 6.94 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में गढ़वा थाना क्षेत्र के भट्ठी मोहल्ला सोनपुरवा निवासी राकेश गौड, पिंटू चौहान उर्फ सोनू एवं शत्रुघ्न चौहान शामिल हैं।

गढ़वा थाना में मंगलवार को थाना प्रभारी चंदन कुमार ने पत्रकारों को बताया कि एसपी अंजनी कुमार झा के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थ की खरीद बिक्री करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाए गए सघन अभियान में एक विशेष छापामारी दल ने यह कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि अभियुक्त राकेश गौड़ का पूर्व का आपराधिक इतिहास रहा है। वह 2021 में अवैध मादक पदार्थ तस्करी में पलामू एवं लातेहार जिले में दर्ज कांड में जेल जा चुका है।



गिरफ्तार अपराधी व जानकारी देती पुलिस। ● द फोटोन न्यूज

विधानसभा की प्राक्कलन समिति ने खूंटी में की विकास योजनाओं की समीक्षा

# समय पर योजनाओं को पूरा करें, तभी लोगों को मिलेगा लाभ : निरल पूर्ति

**PHOTON NEWS KHUNTI**

झारखंड विधानसभा की प्राक्कलन समिति ने मंगलवार को खूंटी परिसदन सभागार में जिले के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में समिति के सभापति निरल पूर्ति और सदस्य अमर कुमार बाउरी, दशरथ गागराई, समीर कुमार महंती, संजीव सरदार ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। समिति ने क्रमवार विशेष प्रमंडल, पेयजल एवं स्वच्छता, स्वास्थ्य, ग्रामीण कार्य विभाग, कल्याण, भवन प्रमंडल, लघु सिंचाई, ऊर्जा, भूमि संरक्षण, ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व, शिक्षा, खनन, जिला परिषद, नगर पंचायत सहित अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा की।

बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों के आलोक में संबंधित विभाग द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की गई। मौके पर योजनाओं के प्राक्कलन एवं खर्च का ब्योरा, उपयोगिता प्रमाण पत्र सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान समिति ने योजनाओं को प्राक्कलन के अनुसार निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण करने के निर्देश दिए। समीक्षा के क्रम में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा हर घर जल योजना के तहत जिले में विभिन्न जलापूर्ति योजनाओं के निर्माण-अधिष्ठापन में गति देने के निर्देश दिए गए।

समिति सदस्य अमर कुमार बाउरी ने शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण संबंधित कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि तजना बराज योजना की उपयोगिता रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। साथ ही भवन प्रमंडल की क्रियान्वित योजनाओं की वस्तुस्थिति की पूर्ण रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कृषि विभाग द्वारा किए गए नवाचारों की जानकारी समिति के सदस्यों ने ली। सभापति निरल पूर्ति ने कहा कि सभी योजनाओं को गुणवत्ता और प्राक्कलन के अनुरूप कार्य समय अवधि में पूर्ण किया जाना आवश्यक है। अमर कुमार बाउरी ने कहा कि विभिन्न विभागों के प्राक्कलन में भारी गड़बड़ी है। कोई-कोई विभाग में 25 से 30 फीसदी कम में निविदा ठेकेदार ले रहे हैं।



बैठक करते निरल पूर्ति व अन्य पदाधिकारी। ● द फोटोन न्यूज

# जेवर दुकान के मालिक ने आठ लाख की लूट बताकर दर्ज कराई प्राथमिकी

**PHOTON NEWS RAMGARH**

रामगढ़ शहर के थाना चौक के समीप कोहिनूर ज्वेलर्स दुकान में डकैती की घटना के मामले में दुकान मालिक हार्दिक वडेरा ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया है कि उनके प्रतिष्ठान में आठ लाख की संपत्ति की लूट अपराधियों ने की है।

उन्होंने पुलिस को लिख कर दिया है कि होटल शिवम इन के परिसर में उनके जेवर दुकान में चार अपराधियों ने लूटपाट की। इसमें से दो लोगों ने हेलमेट पहना हुआ था और दो लोग मास्क लगाकर अंदर घुसे थे। उन लोगों ने दुकान के स्टाफ आकाश सिंह को अपने कब्जे में लेकर लूटपाट की। साथ ही गन पॉइंट पर अशोक सिंह को काबू में कर जेवरात लूटने में सफल रहे। हार्दिक वडेरा ने पुलिस को यह भी बताया है कि अपराधी आठ लाख के जेवर के साथ-साथ एक टेबलेट भी लूट ले गए हैं। उनका स्टाफ अपराधियों को देखकर उनकी शिनाख्त भी कर सकता है।

# भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

**PHOTON NEWS GARHWA**

पुलिस और सीआरपीएफ-172 की संयुक्त टीम ने सर्च अभियान के दौरान मंगलवार को कुदगरा पहाड़ के पास से भारी मात्रा में विस्फोटक सहित अन्य समान बरामद किया है।

बरामद समान में 16 पीस पांच किलो सिलिंडर, पांच पीस 2.5 किलोग्राम सिलेंडर, तीन हमाम दस्ता, एक जंग लगी हैंड ड्रिल मशीन, 2 1/2 किलो स्टील कंटेनर, 60 वाटर चेक वाल्व, 10 बॉल बेयरिंग, चार छाता स्टैंड, एक पांच किलो केन आईईडी और कॉर्डटेक्स तार शामिल है। सुरक्षाबलों ने विस्फोटकों को उसी स्थान पर नष्ट कर दिया, जबकि अन्य समान को जब्त कर लिया।



बरामद भारी मात्रा मे गोला-बारूद व अन्य सामान। ● द फोटोन न्यूज

## विद्यार्थियों को चार वर्षों से साइकिल न मिलना शर्मनाक : दिलीप

**KHUNTI :** झाविमो के पूर्व जिलाध्यक्ष और समाजसेवी दिलीप मिश्रा ने राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित कर राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 10 लाख विद्यार्थियों के बीच चार वर्षों से साइकिल का वितरण न होने के मामले की जांच कर सरकार को निर्देश देने की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया है कि पर्याप्त राशि के बावजूद बच्चों को साइकिल न मिलना झारखंड के लिए शर्मनाक है।

एला एंग्लाइज विद्यालय में बुध पूर्णिमा के अवसर पर हुई विशेष पूजा-अर्चना

# बच्चों का सर्वांगीण विकास ही विद्यालय का मुख्य का उद्देश्य : प्राचार्य विजयंत कुमार

**PHOTON NEWS RAMGARH**

बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित एला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में मंगलवार को भगवान बुद्ध की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान बुद्ध के प्रतिमा पर माल्यार्पण और आरती के साथ विशेष पूजा का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर एला एंग्लाइज विद्यालय में वार्षिक शैक्षणिक पुरस्कार वितरण समारोह का भी आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय में विगत सत्र के मेधावी विद्यार्थी जिन्होंने अपनी कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया उन्हें पुरस्कृत किया गया।

मौके पर प्राचार्य विजयंत कुमार ने भगवान गौतम बुद्ध के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने और उनके आदर्शों का पालन करने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि हार से कभी निराश नहीं होना चाहिए बल्कि जीत के लिए हमें निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमेशा आपके विश्वास को बढ़ाते हुए हर परिस्थिति में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय प्रबंधन साथ रहेगी। साथ हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के लिए विद्यालय हर सार्थक कदम उठाती रहेगी।

श्री कुमार ने कहा कि हमारा विद्यालय बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी देता है। पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के परीक्षा विभाग के नियंत्रक जयकिशोर महतो और सिद्धार्थ कुमार का विशेष योगदान रहा।

मौके पर केजी की प्राचार्य अंजू पटेल, धर्मेश सोनी, सूरज देव सिंह, ब्रिजेट एक्का, बबीता सिंह, वर्षा टेटे, सपना, सरिता, ललिता, शीला, शबाना, सुनील, अजीत, गौरव साहू, अनुराग, कंचन सोनी, रुचि सिंह, पूनम सिन्हा, नीतू सिंह, अंजली सिन्हा, काजल बनर्जी, कविता यादव, सीमा मुंडा, सीमा हेंब्रम, सोनी, गीता प्रसाद, कृष्ण कुमार अंबष्टा, कंचन दास सहित अन्य लोग मौजूद थे।



भगवान बुद्ध के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते प्राचार्य व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

# प्रशासन की लापरवाही का फायदा उठा रहे अपराधी, नहीं है डर : दिलीप दांगी

**PHOTON NEWS RAMGARH**

आजसू पार्टी जिला कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी ने दिनदहाड़े कोहिनूर ज्वेलर्स में अपराधियों के द्वारा लूटपाट की घटना को अंजाम देने की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि रामगढ़ जिला प्रशासन की लापरवाही का फायदा उठा रहे हैं अपराधी।

एक तरफ जिले में सीएम के आगमन व आवभगत में जिला प्रशासन मुस्तैद होने के बावजूद रामगढ़ थाना से महज कुछ दूर थाना चौक स्थित कोहिनूर ज्वेलर्स में अपराधियों के द्वारा घटना को दिनदहाड़े अंजाम दी गई, यह काफी चिंता का विषय है। जिला प्रशासन की लापरवाही साफ झलकती है। अपराधियों के द्वारा लूटपाट करते हुए अंतिम लोकेशन तक लारी तक बताई जा रही है।

प्रशासन की मौजूदगी के बावजूद अपराधी वहां से भाग निकले और अभी तक पकड़ में नहीं आए हैं। इससे प्रशासन की नाकामी साफ दिखती है। प्रशासन केवल ईट भट्ठा के मालिकों से बालू और चिप्स लदे ट्रैक्टर से केवल पैसा वसूलने में लगी हुई है। और हेलमेट चेकिंग के नाम पर लगातार आम जनता को परेशान करते हुए पैसा वसूली कर जेब गर्म करने का काम किया जा रहा है। कांग्रेस की सरकार में अपराधियों का मनोबल इस कदर बढ़ चुका है कि दिनदहाड़े अब रामगढ़ में डकैती की घटना और व्यापारियों पर गोलीबारी की घटना बढ़ती जा रही है।



बैठक करते आजसू कार्यकर्ता। ● द फोटोन न्यूज

# BHURKUNDA कोलियरी के बंद बांसगढ़ा खदान का मोटर खराब, पानी की सप्लाई ठप

**PHOTON NEWS RAMGARH**

सीसीएल भुरकुंडा कोलियरी के बंद बांसगढ़ा भूमिगत खदान के पंखा का मोटर खराब होने के कारण पिछले चार-पांच दिनो से क्षेत्र मे पानी की सप्लाई पुरी तरह ठप है। मोटर के खराब होने से खदान का पंखा भी बंद हो गया है। जिसके कारण पानी सप्लाई करने वाले कर्मी खदान के अंदर नहीं जा रहें है। खदान का पंखा चलने से मांइस के अंदर के गैस और हवा बाहर निकाला जाता है। पंखा बंद होने के कारण खतरा को देखते हुए कर्मी खदान के अंदर नही जा रहें है।

ज्ञात हो कि पिछले 5 मई को बांसगढा भूमिगत खदान का हवा निकालने वाला पंखा का मोटर खराब हो गया था। मोटर खराब होने से पिछले चार दिनो से हॉस्पीटल कॉलोनी, भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल, नीचे धौड़ा में पानी की सप्लाई पुरी तरह ठप है। जिसके कारण लोगो को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल में भी बांसगढा भूमिगत खदान से ही पानी की सप्लाई की जाती है। लोगों में पानी के लिए त्राहिमाम मचा हुआ है।



सयाल कोलियरी से आये मोटर को बनाते कर्मी। ● द फोटोन न्यूज

आमजनों से दिनचर्या में योग को शामिल करने की अपील

# दिन की शुरूआत योग से करें, जीवन में मिलेगा सकारात्मक बदलाव : कीर्तिश्री

**PHOTON NEWS BOKARO**

बोकारो स्टील सिटी के सिटी पार्क परिसर में मंगलवार को नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत घाट पर 'योग' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन उपायुक्त सह जिला गंगा समिति के अध्यक्ष कुलदीप चौधरी के निर्देश पर किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उप विकास आयुक्त श्रीमती कीर्तिश्री ने स्वस्थ्य शरीर को लेकर अपने दिनचर्या में योग को शामिल करने का आमजनों से अपील किया। कहाकि योग न केवल हमारे शरीर की मांसपेशियों को अच्छा व्यायाम देता है, बल्कि यह हमारे दिमाग को शांत रखने में भी मदद करता है। दिन की शुरूआत योग के साथ करने से जीवन में सकारात्मक बदलाव को महसूस किया जा सकता है।

उप विकास आयुक्त श्रीमती कीर्तिश्री ने कहा कि नदियां सदैव ही जीवनदायिनी रही हैं। प्रकृति का अभिन्न अंग हैं नदियां। नदियां अपने साथ बारिश का जल एकत्रित कर उसे भू-भाग में पहुंचाती हैं, जिससे भू-जल स्तर बना रहता है। उन्होंने आमजनों से अपने आसझपास की नदियों एवं अन्य जल श्रोतों को स्वच्छ रखने का अपील किया। स्वयं ऐसा करने एवं दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करने की बात कहीं।

इसके पूर्व पंतजलि योग गुरू द्वारा योग के विभिन्न आसन क्रमशः अर्धमत्स्येन्द्रासन,बद्ध पद्मासन, भद्रासन, भुजंगासन, चक्रासन, धनुरासन, गोमुखासन, हलासन आदि किया गया। जिसका सभी ने क्रमवार दोहराव करते हुए अभ्यास किया। इस अवसर पर गंगा व दामोदर नदियों एवं अन्य जलश्रोतों को स्वच्छ रखने को लेकर भी आमजनों को प्रेरित भी किया गया।

योग कार्यक्रम में एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत,नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे शक्ति कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी डा. मनोज कुमार मणि, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, नेहरू युवा केंद्र से जुड़े युवा, आमजन, प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधि आदि ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।



नमामि गंगे कार्यक्रम में उपस्थित लोग। ● द फोटोन न्यूज

# खूंटी : डीसी ने एक्स-रे मशीन और डायलिसिस यूनिट का किया उद्घाटन

**PHOTON NEWS KHUNTI:**

उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को एमसीएच अस्पताल में एक्स-रे मशीन और डायलिसिस यूनिट का उद्घाटन किया।

उपायुक्त ने प्रयोग के तौर पर स्वयं एक्स-रे कराया। डायलिसिस यूनिट का संचालन एसकाजी संजीवनी संस्था के प्रतिनियुक्त चिकित्सकों और लैब टेक्नीशियन की देखरेख में किया जाएगा। वर्तमान में एक मशीन के साथ यह सुविधा शुरू की जा रही है। आवश्यकता के अनुरूप स्टाफ और मशीन की संख्या बढ़ाई जाएगी। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि चार-पांच मशीनों के साथ सभी सुविधा लोगों को मुहैया कराई जाए।

उपायुक्त शशि रंजन ने एमसीएच अस्पताल का निरीक्षण किया और जरूरी निर्देश दिए गए। उन्होंने निरीक्षण करने के क्रम में क्रिटिकल केयर 100 बेड वाले अस्पताल के निर्माण की जानकारी ली। एमसीएच परिसर में बनाए जा रहे 100 बेड वाले अस्पताल में की जाने वाली व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा कर दिशा-निर्देश दिए। 100 बेड क्रिटिकल केयर अस्पताल में आइसीयू बेड, ऑपरेशन थियेटर, इमरजेंसी यूनिट, आइसोलेशन रूम, डायलिसिस सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।



उपायुक्त शशि रंजन की फाईल फोटो।

## फरार आरोपी की सूचना देने पर मिलेगी दोगुनी इनाम राशि

**AGENCY JHALARAR :** महिला थाने से फरार हुए दुष्कर्म के आरोपित का सुराग नहीं लगने पर पुलिस ने इनाम राशि बढ़ाकर दुगनी कर दी हैं। साथ ही आरोपित को सहयोग करने पर उसके ही एक दोस्त को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दुष्कर्म का आरोपित अमरलाल (32) पुत्र देवीलाल भील निवासी अकतासा महिला थाने से फरार चल रहा है, इस मामले में जिलेभर की पुलिस उसको तलाश रही है। आरोपित अमरलाल की सूचना देने पर गिरफ्तारी के लिए जिला पुलिस एसपी की ओर से इनामी राशि दोगुनी करते हुए 11 हजार रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है। फरार आरोपित अमरलाल की सहायता करने वाले व्यक्ति अर्जुन पुत्र सूरजमल भील को डिटेन किया है। आरोपित अमरलाल के हवालात से भागने के बाद इसकी भागने में सहायता करने वाले अर्जुन ने आरोपित को अपनी बाइक पर बैठाकर झालावाड़ रेल्वे स्टेशन के पास जंगलों में छोड़ा जाना सामने आया है।

# भाजपा युवा मोर्चा 16 मई को जिले में आयोजित करेगा यूथ-20 चौपाल

**AGENCY KISHANGANG :** भाजपा युवा मोर्चा के द्वारा आगामी 16 मई को जिले में आयोजित यूथ-20 चौपाल जिसमें छात्र युवाओं के मार्गदर्शन के लिए भाजयुमो राष्ट्रीय महामंत्री व दार्जिलिंग के सांसद राजू विष्ठा, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री व पश्चिम बंगाल भाजपा प्रभारी मंगल पांडे, विधान पार्षद डॉ दिलीप कुमार जयसवाल एवं युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह बतौर अतिथि शामिल होंगे। उक्त बातें मंगलवार को भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष सह क्षेत्रीय प्रभारी प्रवीण कुमार ने जिलाध्यक्ष अंकित कौशिक के अध्यक्षता में तैयारी को लेकर आयोजित युवा कार्यकताओं के बैठक में कही। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने कहा कि युवा-20 या यूथ-20 भारत की अध्यक्षता वाली जी-20 समूह के अंतर्गत वैश्विक युवा शक्ति के लिए बेहतरीन मंच है जिसके माध्यम से युवाओं के उन मुख्य मुद्दों पर चर्चा



बैठक करते भाजपा कार्यकर्ता ● एजेंसी

होगी जो वर्तमान पीढ़ी के लिए अति लाभदायक है। एक पृथ्वी, एक कुटुम्ब, एक भविष्य अर्थात वसुधैव कुटुंबकम विचार के साथ 2023 में युवा-20 इंडिया समिट सरकार के स्तर पर देश के विभिन्न हिस्सों में आयोजित हो रहा है। इसकी सफलता और समर्थन में युवा मोर्चा भी देश के सैकड़ों स्थानों पर चौपाल का आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में अभी तक 4 स्थानों पर यह युवा चौपाल आयोजित की जा चुकी है । अब 16 मई को पांचवा चौपाल किशनगंज में आयोजित होगा । उन्होंने कहा कि यह चौपाल और समिट भारत के युवा केंद्रित प्रयासों का उदाहरण है जो दुनिया भर के युवाओं को अपने मूल्यों और अपने नीतिगत उपायों को प्रदर्शित करने का ना सिर्फ अवसर प्रदान करता है, बल्कि यह जी-20 देशों के नागरिकों, सांसदों, थिंक टैंक, महिलाओं, युवाओं, श्रमिकों, व्यवसायियों और शोधकताओं को एक साथ लाते हुए युवाओं की सोच का पता लगाकर नीति प्रस्तावों में उनके सुझावों को शामिल करना है। जिलाध्यक्ष अंकित कौशिक ने बताया युवा-20 चौपाल में 500 से अधिक छात्र युवाओं का भाग लेने की संभावना है जिसके सफलता के लिए पूरे जिले में प्रतिभावान, मेधावी, विभिन्न विधा और आयामों से जुड़े छात्र युवाओं के बीच व्यापक संपर्क चलाकर चौपाल में भाग लेने हेतु आमंत्रित करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। बैठक में शिवम साहा, कौशल आंनद, साहिल कुमार, शुभम कुमार, राकेश गुप्ता, विश्वजीत कुमार, जयदीप राज, अनिकेत मिश्रा सहित अनेकों युवा कार्यकर्ता मौजूद थे। उक्त जानकारी भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंकित कौशिक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

# मोतिहारी में अपराधी के साथ हुई मुठभेड़ में चार अपराधी और तीन पुलिसकर्मी घायल

**AGENCY PURVI CHAMPARAN :** जिले के चकिया मधुबन रोड पर बारा गोविन्द गांव के समीप सोमवार देर शाम पुलिस व अपराधियों के बीच हुई मुठभेड़ में चार बदमाश घायल हो गए । इस दौरान दो पुलिस अधिकारी एक सिपाही भी जख्मी हुए है।सभी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है । एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने मंगलवार को बताया कि जख्मी बदमाशों की पहचान चकिया आईसीआईसीआई बैंक लूटकांड के वांछितो के रूप में हुई है।जिनके पास से पिस्टल, देशी कट्टा व कारतूस बरामद किए गए हैं।उन्होने बताया कि बदमाशों ने 15 राउंड फायरिंग की। जिसके जवाब में पुलिस ने भी दस चक्र गोलियां चलाई है।उन्होने बताया कि सूचना मिली थी कि इस सड़क



घायलों को अस्पताल ले जाती पुलिस ● एजेंसी

से होकर कुछ अपराधी गुजरने वाले है,जिसके बाद पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग किया जा रहा था। तभी मधुबन की ओर से आ रहे एक टेम्पो को रोकने का इशारा किया गया तो टेम्पो में सवार लोगों ने फायरिंग शुरू कर दी।जिसमें चकिया थाने के एसआई मोहम्मद असलम अंसारी, एएसआई हरेश शर्मा व सिपाही कुणाल कुमार जख्मी हो गये।वही जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने करीब दस राउंड फायरिंग की। जिसमे चार बदमाश जख्मी हो गए। सभी जख्मी बदमाश चकिया आईसीआईसीआई बैंक लूटकांड के वांछित थे।इनके पास से पिस्टल, देसी कट्टा व कारतूस बरामद किए गए हैं।पकड़े गये बदमाशों में हरसिद्धि के नीतेश मिश्र मुजफ्फरपुर बरुराज के मोहम्मद तौफीद, वैशाली जंदाहां के सनी झा व छौड़ादानो का राजन तिवारी शामिल है। एसपी ने बताया कि 12 अप्रैल को चकिया आईसीआईसीआई बैंक से 48 लाख की लूट के मामले में चार बदमाश मुजफ्फरपुर अहियापुर के रंजीत कुमार, हिन्दू चकिया के अंकुश कुमार, चकिया रानीगंज के कन्हैया कुमार व मधुबन डिहुटोला के प्रदीप कुमार कुशवाहा को 21 अप्रैल को लूट के दो लाख रुपये, पिस्टल और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया जा चुका है।

# मणिपुर में फंसे बिहार के 163 छात्र सुरक्षित पहुंचे PATNA

## एयरपोर्ट पर गुलाब से हुआ स्वागत

**AGENCY PATNA :** मणिपुर में हिंसा के बीच फंसे 163 छात्र मंगलवार को सुरक्षित अपने राज्य बिहार पहुंच गये। वे आज पूर्वाह्न 11 बजे विमान सेवा से पटना एयरपोर्ट पहुंचे। यहां अधिकारियों ने गुलाब देकर छात्रों का स्वागत किया। छात्रों को लेने के लिए उनके परिवार के लोग भी एयरपोर्ट पर पहुंचे हुए थे। बच्चों को आंखों के सामने देख कई अभिभावकों की आंखें डबडबा गयीं। मणिपुर से लौटे छात्रों ने आप बीती साझा करते हुए कहा कि मणिपुर में हालात बहुत खराब थे। जहां हम रुके थे वहां से थोड़ी दूर पर बमबारी हो रही थी। हम बहुत डरे हुए थे। उम्मीद नहीं थी कि हम घर वापस आ पायेंगे लेकिन बिहार सरकार की मदद से हम अपने घर वापस आ सके। सुबह 8 बजकर 40 मिनट पर इंफाल से हमलोगों को लेकर फ्लाइट पटना एयरपोर्ट के लिए रवाना हुई। इसमें से 21 स्टूडेंट्स झारखंड के थे, जिन्हें बस से रांची भेजा गया है। छात्रों ने इसके लिए बिहार सरकार को धन्यवाद दिया।

उल्लेखनीय है कि मणिपुर में तीन मई से हिंसा भड़की हुई है। इससे वहां का माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। बिहार के करीब 300 स्टूडेंट्स मणिपुर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में फंसे थे। राज्य सरकार ने वहां फंसे बिहार के स्टूडेंट्स को वापस लाने के लिए मणिपुर सरकार से बात की थी।

# राम के नगर में रावण राज नहीं आना चाहिए : उमेश द्विवेदी

**AGENCY BARABANKI :** रामनगर से भाजपा उम्मीदवार बद्री विशाल त्रिपाठी के समर्थन में मंगलवार को विशाल जनसभा का आयोजन पुरानी तहसील प्रांगण में हुआ। इसमें हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी ने कहा कि रामनगर के समुचित विकास के लिए कमल के फूल पर मोहर लगाकर बद्री विशाल त्रिपाठी को जिताये। भाजपा की सरकार ने नगरों का समुचित विकास किया है। उन्होंने कहा कि यह नगर सामाजिक सद्भावना का नगर है, इसलिए अच्छे व्यक्ति का चुनाव जीतना जरूरी है। यह राम का नगर है इसलिए यहां रावण राज नहीं आना चाहिए। गुंडाराज के खात्मे के लिए भाजपा को नगर निकाय में भारी बहुमत से जिताये। केंद्र व प्रदेश की सरकार विकास में कोई कमी नहीं आने देगी। वर्तमान विधायक शरद कुमार अवस्थी ने कहा कि एक उम्मीदवार निर्दलीय लड़ रहे हैं, जिन्होंने किसी भी नेता का सम्मान नहीं किया। हर नेता को उन्होंने गाली दी। स्वयं भ्रष्टाचार में लिप्त रहे और दूसरे को भ्रष्टाचारी बताया। ऐसे व्यक्तियों को जनता जीतने नहीं देगी और इसी चुनाव में उनको करारा जवाब मिलेगा। पार्टी ने उनको नोटिस दिया है। वे सोच रहे हैं कि फिर भाजपा में आ जाएंगे तो उनकी सोच गलत है। ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी ने कहा कि प्रदेश की सरकार ने नगरों का कायाकल्प किया है। मोदी-योगी की सरकार में गरीबों को फ्री राशन दिया है।

# राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**AGENCY PATNA :** महान शूरवीर महाराणा प्रताप की जयंती पर मंगलवार को पटना के फ्रेजर रोड में रेडियो स्टेशन के पूरब-पश्चिम कोने पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। यहां स्थित महाराणा प्रताप की आदमकद प्रतिमा पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप का देश में बहुत बड़ा योगदान रहा है। हमलोग चाहते हैं कि नई पीढ़ी के लोगों को भी महाराणा प्रताप के बारे में सबकुछ मालूम हो। उन्होंने लोगों के हित में काम किया था। जब महाराणा प्रताप का शासन था और एक महिला को गिरफ्तार किया गया था तो उन्होंने कहा था कि महिला को क्यों गिरफ्तार किया



राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री माल्यार्पण करते हुए ● एजेंसी

गया है, उसे छोड़ दो, यह बहुत बड़ी चीज है। हमलोग हमेशा से कहते रहे हैं कि महिलाओं के हित में काम होना चाहिए। अपने समय में महाराणा प्रताप ने जो काम किये वह सब नई पीढ़ी को मालूम होना चाहिए। बड़े-बड़े कार्यक्रम उनकी याद में आयोजित किये जाते हैं। उन्होंने कहा कि काफी समय से हमलोगों के मन में था कि महाराणा प्रताप की प्रतिमा यहां पर स्थापित करें। आज वो काम हो गया है। यहां पर जिस तरफ से भी लोग आयेंगे इनकी प्रतिमा को देखेंगे। इसी कारण हमलोगों ने इस जगह का चुनाव किया है। नई पीढ़ी से लेकर पुरानी पीढ़ी के लोग भी इनसे प्रेरणा लेंगे। समारोह में उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर और संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह, सूचना प्रावैधिकी मंत्री इसराईल मंसूरी, बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी, विधान पार्षद संजय सिंह, विधान पार्षद कुमुद वर्मा सहित अन्य नेता और अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर कई सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकताओं ने भी महान शूरवीर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सूचना और जन-सम्पर्क विभाग द्वारा आरती पूजन, भजन-कीर्तन, बिहार गीत और देशभक्ति गीतों का गायन किया गया।

## गिरिराज सिंह ने संसदीय क्षेत्र विकास निधि से दी 34 योजनाओं की स्वीकृति

# केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने बेगूसराय के विकास के लिए तीन करोड़ 63 लाख रुपये दिए

**AGENCY BEGUSARAI :** आजादी के अमृतकाल में केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने संसदीय क्षेत्र विकास निधि से अपने संसदीय क्षेत्र बेगूसराय के विकास के 34 योजनाओं के लिए तीन करोड़ 63 लाख रुपये स्वीकृति दी है। साहेबपुर कमाल विधानसभा क्षेत्र के विष्णुपुर आहोक, कुरहा विन्दटोली, पचवीर पासीटोला, बलिया नगर परिषद सत्ती चौड़ा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए दस-दस लाख तथा बालिका परियोजना उच्च विद्यालय भवन निर्माण के लिए 12 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। मटिहानी



मंत्री गिरिराज सिंह

विधानसभा क्षेत्र के पचम्बा पुराना पंचायत भवन परिसर एवं महारथपुर तीनमुहानी के समीप दस-दस लाख की लागत से सामुदायिक भवन तथा विजय राघव मध्य विद्यालय बदलपुरा में 12 लाख की लागत से सभा कक्ष का निर्माण किया जाएगा। तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र के बीहट मनसा बाबा स्थान विवाह भवन का जीर्णोद्धार एवं पीसीसी ढ़लाई तथा नोनपुर पंचायत में सामुदायिक भवन के लिए दस-दस लाख, बरौनी इमली घाट में सीढ़ी निर्माण में आठ लाख तथा स्वामी सहजानंद सरस्वती महाविद्यालय बीहट, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय असुरारी, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गौड़ा-एक में 12-12 लाख की लागत से सभा कक्ष का निर्माण किया जाएगा।

बखरी विधानसभा के नगर परिषद स्थित उजान बाबा स्थान, राटन पंचायत प्राथमिक विद्यालय बगरस ध्यान चक्की, बागवन के डरहा मुसहरी, गढ़पुरा के प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय में पुस्तकालय सभा कक्ष निर्माण के लिए दस-दस लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। वहीं, बखरी के मोहनपुर पंचायत स्थित माध्यमिक विद्यालय के सभाकक्ष के लिए 12 लाख स्वीकृत किए गए हैं। बेगूसराय विधानसभा क्षेत्र के रतन मन वभनगामा दुग्ध उत्पादक समिति में साईलेज बेलन मशीन के लिए 20 लाख, वीरपुर प्रखंड के जगदर दुग्ध समिति, गेन्हरपुर पंचायत तथा पर्रा मध्य विद्यालय में सभा कक्ष निर्माण के लिए दस-दस लाख तथा खम्हार गौतम धाम परिसर में सभा कक्ष निर्माण के लिए 14 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। बछवाड़ा विधानसभा के रघुनाथपुर उच्च विद्यालय दहिया तथा दामोदरपुर उच्च विद्यालय के लिए 12-12 लाख की लागत से सभाकक्ष, विष्णु देवनारायण उच्च विद्यालय तियाय, मध्य विद्यालय जोकिया में सभा कक्ष निर्माण के लिए दस-दस लाख तथा मंसूरचक प्रखंड के समसा पंचायत स्थित मखदुमपुर सामुदायिक भवन निर्माण के लिए दस लाख दिया गया है । चेरिया बरियारपुर विधानसभा में रीतलाल उच्च विद्यालय सकरौली, सरस्वती उच्च विद्यालय कुंभी तथा मध्य विद्यालय करोड़ में दस-दस लाख की लागत से सभा कक्ष का निर्माण किया जाएगा। ढूना सिंह इंटर महाविद्यालय पहसारा में सभा कक्ष निर्माण के लिए 12 लाख तथा खोदावंदपुर में एसएच-55 से दास टोला प्राथमिक स्कूल तक पीसीसी ढ़लाई पांच लाख की लागत से किया जाएगा। भाजपा नेता-सह-सांसद प्रतिनिधि अमरेन्द्र कुमार अमर ने मंगलवार को बताया कि केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आवश्यकता के अनुरूप सभी विधानसभा क्षेत्र के संतुलित विकास को ध्यान में रखकर क्षेत्रवार संसदीय विकास राशि का बंटवारा किया है। इसके पूर्व करीब 38 विकास योजनाएं पूरी हो चुकी हैं। जिसमें पशुघन विकास, पशुचारा तथा नस्ल संवर्धन कार्यक्रम को गति मिल सके।

## BRIEF NEWS

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव



**AGENCY NAWADA :** नवादा जिले के अकबरपुर थाने के हुडराही गांव के निकट मंगलवार को पेड़ से झूलते एक युवक की लाश बरामद की गई । जिसकी पहचान हुडरही गांव के ही जीवलाल यादव के पुत्र दिनेश यादव के रूप में की गई है। रजौली के एसडीपीओ पंकज कुमार सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है । लेकिन अभी तक पुलिस हत्या या आत्महत्या के कारणों तक पहुंच नहीं सकी है। वही गांव वालों का कहना है कि पारिवारिक कलह के कारण युवक का यह हाल हुआ है। पिता तथा भाई बराबर दिनेश यादव को मारपीट किया करता था ।इस कारण वह परिवार से परेशान रहता था। किसी तरह मजदूरी कर जीवन गुजार रहा था ।इस परिस्थिति में जांच करना जरूरी है कि युवक ने परेशान होकर आत्महत्या की या फिर युवक की हत्या कर आत्महत्या का रूप दिया गया । पुलिस का मानना है कि इस मामले की सघन जांच शुरू कर दी गई है। वैज्ञानिक तरीके से जांच कर तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट का मिलान कराकर सब कुछ सही-सही पता कर लिया जाएगा । इस मामले में अकबरपुर थाना प्रभारी ने सघन जांच शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### हाई कोर्ट में जातीय गणना मामले की सुनवाई तीन जुलाई को

**AGENCY PATNA :** बिहार में जातीय गणना पर सरकार की ओर से जल्द सुनवाई की मांग को पटना हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। सरकार ने मामले में जल्द सुनवाई की मांग की थी। अब तीन जुलाई को ही इस मामले में सुनवाई होगी। पटना हाई कोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा राज्य में जातियों की गणना एवं आर्थिक सर्वेक्षण को चुनौती देने वाले याचिकाओं पर तीन जुलाई के पूर्व ही कोर्ट से सुनवाई करने की मांग की थी, जिसे आज कोर्ट ने खारिज कर दिया। चीफ जस्टिस केवी चन्द्रन की खंडपीठ ने इन मामलों पर सुनवाई की तिथि पूर्व में निर्धारित तीन जुलाई ही रखा। उल्लेखनीय है कि चार मई को हाई कोर्ट ने अंतरिम आदेश देते हुए जातीय गणना पर रोक लगा दी थी।

### ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से नीतीश कुमार आज करेंगे मुलाकात

**AGENCY PATBA:** भाजपा के खिलाफ देशव्यापी विपक्षी एकजुटता को लेकर मंगलवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ओडिशा के मुख्यमंत्री और बीजद सुप्रीमो नवीन पटनायक से मुलाकात करेंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर जायेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह भी रहेंगे। सभी सुबह साढ़े 10 बजे पटना से रवाना होंगे। दोपहर में उनकी नवीन पटनायक से मुलाकात होगी। 2024 के आम चुनाव में भाजपा के खिलाफ विपक्षी एकता को लेकर दोनों नेताओं के बीच विस्तृत चर्चा होगी। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह और सरकार के सूचना-जनसम्पर्क विभाग के मंत्री संजय कुमार झा ने इसकी जानकारी दी है। उल्लेखनीय है कि ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक से मिलने के लिए नीतीश कुमार 5 मई को ही भुवनेश्वर जाने वाले थे लेकिन, दोनों नेताओं के बीच मुलाकात का समय बाद में 9 मई तय किया गया। बताया जा रहा है कि नवीन पटनायक से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुंबई जायेंगे। जहां 11 मई को वह एनसीपी प्रमुख शरद पवार और शिवसेना (उद्धव बाला साहब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे से मुलाकात करेंगे। खुद शरद पवार ने नीतीश कुमार के मुंबई आने की जानकारी मीडिया को दी थी। वहीं, नीतीश कुमार की भुवनेश्वर और मुंबई यात्रा की पुष्टि सोमवार को जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह और सरकार के सूचना- जनसम्पर्क विभाग के मंत्री संजय कुमार झा ने भी पत्रकारों से बातचीत में की।

### सुलतानगंज रेलवे बस स्टेशन पर चला रेल प्रशासन का बुलडोजर



**AGENCY BHAGALPUR :** जिले के सुलतानगंज रेलवे स्टेशन में भारत सरकार के निर्देश पर अमृत भारत योजना के तहत सौंदर्यीकरण का कार्य होगा। इसी को लेकर मालदा डीवीजन के डीआरएम के निर्देश पर मंगलवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। रेलवे स्टेशन के प्राईवेट बस स्टैंड में अतिक्रमणकारी दुकानदारों के दुकानों पर रेल प्रशासन का बुलडोजर चला। इस दौरान सुलतानगंज रेलवे स्टेशन के प्राईवेट बस स्टैंड में रेलवे विभाग के कई अधिकारी, आरपीएफ, जीआरपी, पुलिस बल सहित अन्य अधिकारी एवं स्टेशन मास्टर दीपक कुमार, प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट, अंचल अधिकारी रवि कुमार, थानाध्यक्ष प्रिय रंजन के निगरानी में रेल प्रशासन के द्वारा प्राईवेट बस स्टैंड में सैकड़ों दुकानों को बुलडोजर चलाते हुए ध्वस्त कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि सुलतानगंज रेलवे स्टेशन के समीप निजी बस स्टैंड कई वर्षों से रेल विभाग के द्वारा डाक के माध्यम से चलाया जाता था। अब रेलवे के द्वारा भारत सरकार के निर्देश पर भारत अमृत योजना के अन्तर्गत मालदा डीवीजन के द्वारा सुलतानगंज स्टेशन परिसर सहित अन्य जगहों में सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसी के वजह से मालदा डीवीजन के डीआरएम के निर्देश पर सभी अतिक्रमणकारियों को बुलडोजर के माध्यम से हटाया जा रहा है।

### स्वस्थ रहकर ही कर सकेंगे अपने कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन : कुलपति कम्बोज

**AGENCY HISAR :** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने कहा है कि स्वास्थ्य हमारे लिए अमूल्य धन है। इसको बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसलिए हमें दैनिक जीवन में शरीर को फिट रखने के लिए जिम जाकर व्यायाम करना चाहिए। जब हम स्वस्थ रहेंगे, तभी सही तरीकें से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकेंगे। वे मंगलवार को होंटिया कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिम हॉल का उद्घाटन करने उपरांत संबोधन दे रहे थे। विश्वविद्यालय के गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ की तरफ से इस कार्यक्रम का आयोजन किया। संघ के महासचिव राजेश परूथी ने सभी का स्वागत किया। कुलपति ने बताया कि हमें शारीरिक के साथ-साथ अध्यात्मिक रूप से भी स्वस्थ होना जरूरी है, तभी हम खुद का विकास कर समाज का उत्थान कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में कार्यरत हर अधिकारी और कर्मचारी एक संयुक्त परिवार की तरह है। समय-समय पर विश्वविद्यालय में कई बड़े समारोह एवं कार्यक्रम आयोजित हुए, जिसमें हर कर्मचारी ने निष्ठा व ईमानदारी से अपने कर्तव्य को पूरा कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि कभी भी सफलता एक आदमी से नहीं मिलती है। टीम-वर्क से ही अपने और संस्थान की उपलब्धियों में चार चांद लगा सकते हैं। इस अवसर पर गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान दिनेश कुमार राड़ ने लंबित मांगों का ज्ञापन भी कुलपति को सौंपा। प्रधान ने विश्वविद्यालय के कर्मचारियों से जुड़े लंबित मांगों को जल्दी हल करने की मांग रखी। उन्होंने सप्ताह में पांच दिन कार्य-दिवस घोषित करने, कर्मचारियों की पदोन्नति व तबादले से संबंधित मांगे कुलपति के समक्ष रखीं।

# एक और मिग-21

एक और मिग 21 का दुर्घटनाग्रस्त होना दुखद और अफसोसजनक भी है। दुखद इसलिए कि इससे तीन नागरिकों की जान चली गई और अफसोसजनक इसलिए कि उड़ता ताबूत कहे जाने के बावजूद इस विमान का अभी भी प्रशिक्षण में प्रयोग करना पड़ रहा है। उत्तरी राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के बहलोल नगर गांव में सोमवार सुबह मिग-21 लड़ाकू विमान एक घर पर जा गिरा, जिससे तीन महिलाओं की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गईं। पायलट ने कूदकर पैराशूट के जरिये खुद को बचा लिया, लेकिन क्या ऐसे विमान भारत की सेना के मुफीद हैं? इन बचे हुए लगभग खटारा विमानों से भी अब पूरी तरह तौबा कर लेने में भलाई है। गौर करने की बात है कि विमान ने सूरतगढ़ वायु सेना स्टेशन से उड़ान भरी थी और उड़ान भरने के तुरंत बाद पायलट ने तकनीकी खराबी की सूचना दे दी थी। पायलट विमान को सुरक्षित जगह नहीं उतार पाया, पर इसमें कोई शक नहीं कि उसने अंत समय तक विमान पर नियंत्रण बनाए रखने की कोशिश की है। गौरतलब है कि 1963 में सोवियत संघ से मिग-21 का आयात शुरू हुआ था और यह विमान लंबे समय तक भारतीय वायुसेना की ताकत रहा। विंग कमांडर अभिनंदन वर्द्धमान ने ऐसे ही एक मिग-21 से अमेरिकी-पाकिस्तानी एफ-16 को मार गिराया था। मिग-21 ने तमाम लड़ाइयों और सैन्य अभियानों में भारत को मजबूती दी है, पर एक स्याह तथ्य यह भी है कि मिग-21 की दुर्घटनाओं का सिलसिला 1966 में ही शुरू हो गया था। कुल 840 विमानों में से भी चार सौ से ज्यादा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। करीब 200 पायलट शहीद हो चुके हैं और करीब पचास नागरिकों पर ये विमान मौत बनकर बरस चुके हैं। इन पुराने विमानों का मोह झटके से छोड़ देना चाहिए। योजना के अनुसार, 2024-25 तक ये विमान उपयोग से बाहर हो जाएंगे, लेकिन खतरे को देखते हुए इस योजना में परिवर्तन करना चाहिए। कोई जरूरत नहीं है कि ऐसे विमानों को आम लोगों और पायलट की जान से खेलने का मौका दिया जाए। दशकों पुराने मिग-21 में समय-समय पर सुधार किए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें सोलह आना चाक-चौबंद नहीं बनाया जा सकता। तकनीकी खराबियों की आशंका हमेशा बनी रहती है और ताजा हादसा भी तकनीकी खामी की वजह से हुआ है। सेना हादसे की जांच करेगी, जरूरी सुधार भी करेगी, पर उसे जो नुकसान हुआ है, उसका समग्रता में अध्ययन करते हुए ही शीघ्र फैसला लेना चाहिए। इस दुखद हादसे की कुल ध्वनि यही है कि भारत को जल्द से जल्द नए विमान चाहिए। अभी हमारे पास अपनी जरूरत से कम विमान हैं। भारतीय वायु सेना अपनी इस जरूरत को समझती है, पर यह सच है कि मिग-21 की जगह नए विमान लाने में देरी हो चुकी है। नए विमानों के अभाव में मिग-21 को उड़ाने की मजबूरी को समझा जा सकता है, तो उपाय क्या है? हमें स्वदेशी विमान तेजस के निर्माण में तेजी लानी चाहिए। तेजस का आगमन अगले साल के मध्य में होगा और तेजस ही बहुत हद तक मिग-21 की जगह ले सकेगा। राफेल की आपूर्ति धीरे-धीरे हो रही है।

## द केरला स्टोरीः फिल्म के आंकड़ों से ज्यादा मूल बात को समझने की जरूरत है

हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'द केरला स्टोरी' तथ्यपरख होने के साथ आने वाले भविष्य के लिए एक दस्तक भी है। जो न सिर्फ बेटियों के लिए, वरन हर उस इंसान के लिए जो अब तक अपने जीवन मूल्य के अस्तित्व को न समझ पाया है न ही उसे बताया गया है। एक बालक को कोई अपनी बात मनवाने के लिए झुनझुना पकड़ा दिया जाता है ताकि कुछ समय तक वह भ्रमित रहे और उससे खेलता रहे। वह झुनझुने से निकली आवाज से खुश होता रहे, लेकिन एक उम्र के बाद उसे उस झुनझुने की असलियत पता लगती है, तब वह उसके मायाजाल में नहीं फंसता। ये तो रही बच्चे की बात लेकिन धर्म एवं कर्म के नाम का झुनझुना जिंदगी को पलट देता है।

*स्थिरं जीवितं लोके स्थिरे धनयौवने।*
*स्थिराः पुत्रदाराश्च धर्मः कीर्तिर्द्वयं स्थिरम् ॥*

इस स्थिर जीवन/संसार में धन, यौवन, पुत्र-पत्नी आदि सबकुछ अस्थिर है। केवल धर्म और कीर्ति ये दो बातें स्थिर हैं। फिलहाल ऐसा भारत में भी हो रहा है, जिसके इतिहास को हर जगह से आक्रांताओं ने विलोपित कर दिया। चाहे वह गलत हो या सही उसे सर्वोत्तम मान स्वीकार कर लीजिए, नहीं तो दमनकारी नीतियों से भारत की सनातन धर्म-संस्कृति को कमजोर बताकर भूखे, लालची लोगों को भ्रमित कर उनका ब्रेनवॉश कर उनका शोषण किस तरह हो रहा है, उन्हें भी पता नहीं लगता। मुख्य बात यह है कि जब तक असलियत का एहसास होता तब तक वे अपनी वास्तविकता से दूर हो चुके होते हैं। फिल्म 'द केरला स्टोरी' जो कहीं न कहीं फिल्म के साथ वास्तविकताओं को सामने लेकर आई है। राष्ट्रवादियों को जहां धक्का लगा है। वहीं, देशविरोधी ताकतों में उथल-पुथल मच गई है। ना जाने कितने आन्दोलन और एडीटेड ट्रुथ के साथ आंकड़ों की गणना देने लगे या फिल्म में दिये आंकड़ों को लेकर बहस करना। यहां ध्यान देने योग्य बात ये भी है कि यही कश्मीर फाइल्स के साथ हुई थी। जंगल का राजा शेर, राजा तब तक है, जब तक वह गीदड़ या मगरमच्छ की भूमिका नहीं निभाता है और न ही उसे वह बनाया जाता है। अगर ऐसी कोशिश भी की गयी तो उससे जुड़ी समस्त श्रृंखला नष्ट हो जाएगी।


# द केरला स्टोरीः शांति बनाये रखने का ममता बनर्जी का नायाब तरीका

ANALYSIS

डॉ. समन्वय नन्द

**पश्चिम बंगाल में अब द केरला स्टोरी फिल्म नहीं देखी जा सकेगी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस फिल्म को राज्य में बैन करने का फैसला किया है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने इस पर बैन लगाने के पीछे जो तर्क दिया है वह नायाब है। उन्होंने कहा कि ऐसा राज्य में नफरत और हिंसा की किसी भी घटना से बचने के लिए किया गया है, ताकि बंगाल के शहरों में शांति बनी रहे। यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि देश में एक फिल्म रिलीज होने से पूर्व जिन प्रक्रियाओं से गुजरना होता है उन सब प्रक्रिया से फिल्म गुजर कर रिलीज हुई है। सेंसर बोर्ड ने इस फिल्म को देखने के बाद इस फिल्म में आवश्यक संशोधन किए हैं। कुछ डाइलॉग्स हटाये गये हैं। कुछ को बदला गया है। इस फिल्म पर रोक लगाने के लिए केरल हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी लेकिन न्यायालय ने ऐसा करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद ही यह फिल्म पूरे देश के सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इसके बावजूद ममता बनर्जी को लगता है कि बंगाल में इस फिल्म के प्रदर्शन से राज्य की शांति बाधित हो सकती है। ममता बनर्जी शायद कहना चाह रही होंगी इस फिल्म के प्रदर्शन से खास वर्ग की भावनाएं आहत हो जाएंगी और इसके बाद शांति बाधित होगी।**

कुछ दिनों से ह्यद केरला स्टोरीह्व फिल्म देशव्यापी चर्चाओं में है। फिल्म में हिन्दू व क्रिश्चियन लड़कियों को बहला-फुसला कर तथा ब्रेन वाश कर इस्लाम में कन्वर्ट किये जाने के घटनाओं को दशार्या गया है। आईएसआईएस जैसे खूंखार आतंकवादी संगठन के आतंकवादियों के यौन दासी बनने के लिए भेजने संबंधी दिल दहला देने संबंधी घटनाओं को दिखाया गया है। सालों के रिसर्च के बाद यह फिल्म बनायी गई है। फिल्म के रिलीज के बाद इसके चरित्रों से मेल खाने वाली लड़कियां मीडिया में आकर आपबीती सुना रही हैं। फिल्म को पूरे देश में सराहा जा रहा है। लेकिन पश्चिम बंगाल में अब द केरला स्टोरी फिल्म नहीं देखी जा सकेगी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस फिल्म को राज्य में बैन करने का फैसला किया है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने इस पर बैन लगाने के पीछे जो तर्क दिया है वह नायाब है। उन्होंने कहा कि ऐसा राज्य में नफरत और हिंसा की किसी भी घटना से बचने के लिए किया गया है, ताकि बंगाल के शहरों में शांति बनी रहे। यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि देश में एक फिल्म रिलीज होने से पूर्व जिन प्रक्रियाओं से गुजरना होता है उन सब प्रक्रिया से फिल्म गुजर कर रिलीज हुई है। सेंसर बोर्ड ने इस फिल्म को देखने के बाद इस फिल्म में आवश्यक संशोधन किए हैं। कुछ डाइलॉग्स हटाये गये हैं। कुछ को बदला गया है। इस फिल्म पर रोक लगाने के लिए केरल हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी




लेकिन न्यायालय ने ऐसा करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद ही यह फिल्म पूरे देश के सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इसके बावजूद ममता बनर्जी को लगता है कि बंगाल में इस फिल्म के प्रदर्शन से राज्य की शांति बाधित हो सकती है। ममता बनर्जी शायद कहना चाह रही होंगी इस फिल्म के प्रदर्शन से खास वर्ग की भावनाएं आहत हो जाएंगी और इसके बाद शांति बाधित होगी। यह फिल्म वास्तव में कुख्यात आतंकवादी संगठन आईएसआईएस व उसके अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क व काले कारनामों की कहानी को दशार्ता है। लेकिन यह बात समझ से परे है कि आईएसआईएस के काले कारनामे, उसके अमानवीय कृत्यों को दिखाने पर पश्चिम बंगाल के मुसलमानों की भावनाएं क्यों आहत होंगी? पश्चिम बंगाल के मुसलमानों की भावनाएं आहत हो या न हो पर ममता बनर्जी को लगता है कि इस फिल्म से निश्चित रूप से मुसलमानों की भावनाएं आहत हो जाएगी। तभी उन्होंने इस फिल्म को राज्य में प्रतिबंधित कर दिया है। वैसे भारत में जो स्थिति है उससे एक बात तो तय है कि मुसलमानों की भावनाएँ अब कब और किस बात पर भड़क जायें, इसका कोई ठिकाना नहीं है। पूरे देश भर में पिछले दिनों रामनवमी व हनुमान जयंती मनाई गई। पश्चिम बंगाल में रामनवमी बड़े पैमाने पर मनाई जाती है तथा शोभायात्राएं निकाली जाती है। पश्चिम बंगाल में ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तब घोषणा कर दी कि हिन्दुओं को रामनवमी पर शोभायात्रा निकालने से बचना चाहिए। मुसलमान बहुल इलाकों में से कतई नहीं निकालना चाहिए। लेकिन बंगाल के हिन्दुओं ने अपने परंपरा का निर्वाह करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी के दिन शोभायात्रा निकाली। जैसा कि ममता बनर्जी ने पहले ही बताया था कि मुसलमानों के भावनाएं भड़क गईं और घरों की छतों से पत्थरों से शोभायात्रा में शामिल लोगों पर हमला कर दिया गया। ममता बनर्जी ने इसके बाद कहा कि उन्होंने पहले ही बता दिया था कि हिन्दू शोभायात्रा न निकालें लेकिन उनकी बात की अनदेखी की गई। ऐसा कह कर ममता बनर्जी की पुलिस ने राज्य में शांति स्थापना करने के लिए हमलावरों को गिरफ्तार करने के बजाय शोभायात्रा में भाग लेने वाले लोगों को गिरफ्तार करने लगी। वैसे बाद में कोलकाता हाइकोर्ट ने इस मामले की जांच ममता की पुलिस से छीनकर एनआईए को दे दिया है। इस फिल्म को लेकर तमिलनाडु में स्टालिन सरकार ने भी यही कार्य किया है। उसका भी तर्क लगभग ममता बनर्जी का तर्क है। लिहाजा, इस्लामी आतंकवाद के बारे में चर्चा से मुसलमानों की भावनाएं आहत होने के ऐसे तर्कों का पुराना इतिहास रहा है। पिछली यूपीए सरकार के तत्कालीन गृहमंत्री सुशील शिंदे ने इसी को देखते हुए काल्पनिक ह्यहिन्दु आतंकवादह्व शब्द को प्रचारित करने का प्रयास किया था ताकि मुसलमानों की भावनाएँ शान्त हो सके। ममता बनर्जी इसी को आगे बढ़ा रही हैं।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय क्वांटम अभियान

पिछले दिनों केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय क्वांटम मिशन को मंजूरी दी। इसके तहत अगले छह साल तक क्वांटम तकनीक पर आधारित शोध को बढ़ावा दिया जाएगा। इसमें छह हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके साथ ही भारत राष्ट्रीय क्वांटम मिशन शुरू करने वाला विश्व का सातवां देश बन गया है। अमेरिका, चीन, कनाडा, जर्मनी, फ्रांस और फिनलैंड क्वांटम मिशन पर काम कर रहे हैं। क्वांटम तकनीक को भविष्य में होने वाले आर्थिक एवं सामाजिक बदलाव का वाहक माना जा रहा है। क्वांटम कंप्यूटर से हमें अविश्वसनीय डाटा प्रसंस्करण शक्ति हासिल होगी। आटोमेशन आधारित सेवाओं का विकास करना हो या वर्चुअल करेंसी से लेकर साइबर सुरक्षा की अभेद्य दीवार खड़ी करनी हो, जीवन के हर क्षेत्र में क्वांटम कंप्यूटर बेहद उपयोगी साबित होंगे। दवाओं की खोज करने, अणु श्रृंखलाएं बनाने, जलवायु और आपदा प्रबंधन के लिए रियल टाइम डाटा मुहैया कराने में क्वांटम कंप्यूटर का कोई सानी नहीं होगा। यह नीतियां बनाने से लेकर आविष्कार में डाटा प्रसंस्करण की अहम भूमिका निभाएगा। वर्तमान और भविष्य के क्वांटम कंप्यूटर में सबसे बड़ा अंतर इनके पीछे काम करने वाली यांत्रिकी का है। अभी हम जिस कंप्यूटर पर काम कर रहे हैं, वे परंपरागत यांत्रिकी पर आधारित हैं। वहीं क्वांटम कंप्यूटर क्वांटम यांत्रिकी पर आधारित होते हैं। परंपरागत यांत्रिकी कहती है कि ब्रह्मांड में होने वाली हर घटना का होना और बदलना निश्चित है। यह अंतरिक्ष यान, ग्रहों, सितारों और आकाशगंगाओं जैसी बड़ी वस्तुओं की गति का वर्णन करती है, लेकिन यांत्रिकी की यह शाखा अत्यंत छोटे कणों की गति का वर्णन नहीं करती। क्वांटम यांत्रिकी भौतिकी का वह मौलिक सिद्धांत है, जो उप-परमाणु कणों (सब एटामिक पार्टिकल) जैसे इलेक्ट्रान, फोटान आदि की अनिश्चितता और गतिशीलता के आधार पर घटनाओं की व्याख्या करता है। यह सिद्धांत कहता है कि कोई भी बदलाव सब एटामिक पार्टिकल्स की अनिश्चितता और संभाव्यता पर निर्भर है। इसलिए किसी वस्तु के बदलाव की एक से अधिक संभावनाओं को व्यक्त किया जा सकता है। क्वांटम तकनीक पर चलने वाले कंप्यूटर गणना करने के लिए ट्रांजिस्टर का नहीं, बल्कि उप-परमाण्विक कणों का उपयोग करते हैं। मौजूदा कंप्यूटर से भले ही विकास की अनेक आधुनिक गाथाएं लिखी गई हों, लेकिन समय के साथ सामने आ रही इंसानी जरूरतों के सामने यह सीमित क्षमता वाले उपकरण बन गए हैं। डाटा एवं तथ्य जुटाना और फिर उनका विश्लेषण किसी भी शोध और नवाचार की पहली आवश्यकता है। यह गणना और विश्लेषण जितना सटीक एवं समयबद्ध होगा, शोध उतना ही व्यावहारिक और परिशुद्ध होगा। ऐसे ही उद्देश्यों के साथ विश्व भर के विज्ञानी क्वांटम कंप्यूटर बनाने में जुटे हैं। यह सुपर कंप्यूटर से कई गुना तेज है। अभी हम जिस कंप्यूटर और लैपटाप में काम करते हैं, वे अक्षर, अंक या तस्वीरों को बाइनरी 0 और 1 रूप में संग्रहित करते हैं। इसमें कोई भी जानकारी एक समय में 0 या 1 की शक्ल में होगी। वहीं क्वांटम कंप्यूटर में जानकारियां क्यूबिट में संग्रहित होती हैं। क्यूबिट्स उप परमाणवीय कण हैं। अनिश्चिता और संभाव्यता इनका सबसे अहम गुण है। इनकी कोई एक स्थिति तय नहीं होती है। उदाहरण के लिए एक सिक्का हवा में उछालते हैं तो भौतिकशास्त्र का परंपरागत नियम कहता है कि वह एक समय में शीर्ष या पृष्ठ रूप में होगा। वहीं क्वांटम इंजीनियरिंग मानती है कि वह शीर्ष और पृष्ठ के अलावा अनिश्चित स्थिति में भी हो सकता है। यहां तक कि सिक्का घूमते समय शीर्ष और पृष्ठ, दोनों ही रूप में एक साथ हो सकता है। भौतिकी में इसे सुपरपोजिशन भी कहते हैं। यही क्वांटम कंप्यूटिंग का आधार है। क्वांटम कंप्यूटर संभाव्यता पर काम करता है, इसलिए यह एक से अधिक अधिक संभावनाओं, डाटा कल्पनाओं का विश्लेषण एक साथ करने में सक्षम है। जटिल और उलझे हुए एल्गोरिदम का भी भविष्य के ये कंप्यूटर चंद सेकेंड में समाधान कर देंगे। राष्ट्रीय क्वांटम मिशन जैसे अभियान से देश अगले कुछ वर्षों के भीतर 500 से 1000 क्यूबिट्स का क्वांटम कंप्यूटर बनाने में सफल होगा। ऐसी तैयारियां देश के रक्षा प्रतिष्ठानों को क्वांटम तकनीक आधारित साइबर हमलों से बचाव का कवच प्रदान करेंगी। विश्व में क्वांटम कंप्यूटर प्रोटोटाइप प्रतिरूप से आगे बढ़कर व्यावहारिक उपकरण बन चुके हैं। हालांकि अभी इनमें बहुत कम क्यूबिट होने से इनका दायरा सीमित है। जैसे ही विज्ञानी इन कंप्यूटरों में क्यूबिट की वृद्धि कर लेंगे, ये जीवन के लिए अभूतपूर्व तकनीकी वरदान बन सकते हैं। हालांकि, क्वांटम कंप्यूटर की ताकत ही उसके साथ आशंकाएं भी पैदा करती है। बेहद ताकतवर ये कंप्यूटर किसी भी एनक्रिप्शन और क्रिप्टोग्राफी को भेदने में चंद सेकेंड भी नहीं लगाएंगे। यही वजह है कि भारत समेत दुनिया की बड़ी आर्थिक शक्तियां क्वांटम कुंजी समेत पोस्ट क्वांटम क्रिप्टोग्राफी जैसी साइबर सुरक्षा तैयार कर रही हैं। देश ने सुरक्षित क्वांटम संचार प्रणाली से लेकर एल्गोरिदम की ओर जिस प्रभावी तरीके से कदम बढ़ाया है, उससे क्वांटम क्रांति में भारत अहम किरदार होगा। अमेरिका और चीन जैसे देश क्वांटम तकनीक के जरिये जहां साइबर सेंधमारी और प्रौद्योगिकी आधारित शह-मात के खेल में जुटे हैं, वहीं मानवीय कल्याण के मंत्र पर आधारित भारतीय क्वांटम क्रांति से संपूर्ण विश्व लाभान्वित होगा।

## Social Media Corner

सच के हक में...



मैं भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के नायक गोपाल कृष्ण गोखले को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। शिक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से किए गए कई प्रयासों में भी वे सबसे आगे थे। उनके आदर्शों ने महात्मा गांधी सहित कई लोगों को प्रभावित किया।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी, सुना है कि ईडी केश का अभियुक्त साहिबगंज का अपराधी दाहू यादव आज अभी दलाही पहाड़ के दलाही बस्ती में अपने गैंग के लोगों को बुलाकर मीटिंग कर रहा है और आपकी पुलिस को वह महीनों से ढूढ़े नहीं मिल रहा। वो पकड़ायेगा भी तो कैसे? जब दाहू के चांदी के चमचमाते जूते की चोट से वहां के पुलिस वाले के हाथ बंधे हुए हैं। सत्ता का संरक्षण है सो अलग। दो दिनों पहले दाहू के यहां कुर्की-जब्ती की नौटंकी वाली खबर पर तो आपकी नजर पड़ी ही होगी। अपनी न सही कम से कम राज्य के इज्जत की तो चिंता कीजिये। कलम उठाईये। वहां के एसपी को आदेश दीजिये कि दाहू और उनके गुर्गों को चौबीस घंटे में पकड़ कर अंदर करो वरना खुद को सस्पेंड समझो। दाहू के काली कमाई के हिस्सेदार प्रशासन-पुलिस के लोगों पर एफआइआर की चेतावनी दीजिये। फिर देखिये आपकी यही पुलिस दो घंटे में दाहू को घुटने के बल चलाकर जेल पंहुचा देगी।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# पाकिस्तान को भारत का कड़ा संदेश

भारत और पाकिस्तान के रिश्तों के मध्य जमी बर्फ फिलहाल पिघलती नहीं दिखती है। गोवा में सम्पन्न हुए शंघाई सहयोग संगठन की बैठक से कम से यही संदेश निकलता है। पाकिस्तान आतंकवाद के मसले पर दोहरी नीति का पोषक है। पाकिस्तान यह अच्छी तरह जानता है कि भारत से सीधी लड़ाई में वह कभी जीत नहीं हासिल कर सकता है। वैश्विक मंच पर भी भारत बेहद मजबूती से खड़ा दिखता है। दुनिया में भारत की साख मजबूत है। भारत की वैश्विक कूटनीति अलग है। वह अपनी बात को दुनिया के सामने बड़ी साफगोई से रखता है। आतंकवाद के मसले पर उसकी नीति दो टूक है। भारत कभी भी आतंकवाद का समर्थन नहीं करता। अमेरिका, रूस और चीन जैसे ताकतवर मुल्कों के साथ भी उसकी नीति साफ है। भारत बुद्ध के सिद्धांत पर चलता है। वह जीओ और जीने दो में विश्वास रखता है। अरब देशों से भी भारत के बेहतर सम्बन्ध हैं। क्योंकि उसकी नीति स्पष्ट और साफ है। शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो को भारत-पाकिस्तान संबंधों को लेकर कुछ खास हासिल नहीं हो पाया। भारत ने आतंकवाद के मसले पर पाकिस्तान को कटघरे में खड़ा कर दिया। विदेशमंत्री एस जयशंकर ने जिस तरह पाकिस्तान को लताड़ा वह काबिलेगौर है। भारत शंघाई सहयोग संगठन के देशों को यह समझाने में कामयाब रहा कि आतंकवाद की फसल पाकिस्तान में उगाई जाती है। आतंकवाद को लेकर इससे बड़ी शर्मनाक बात और क्या हो सकती कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भारत में थे और कश्मीर में पाकिस्तान से ट्रेनिंग लेकर आए आतंकी हमारी सेना पर हमला कर रहे थे। राजौरी विस्फोट में हमारे पांच सैनिकों ने राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। आतंकवाद के मसले पर पाकिस्तान की इससे बड़ी दोहरी नीति और क्या हो सकती है। ईद के दिन भी सेना के ट्रक पर ग्रेनेड से हमला किया गया जिसमें पांच जवान बलिदान हो गए। पाकिस्तान के विदेशमंत्री ने पाकिस्तान लौटने के बाद कहा है कि आतंकवाद के मसले पर दोनों मुल्कों को मिलकर बात करनी चाहिए। यह दुनिया को दिखाने के लिए पाकिस्तान की छद्म कूटनीति है। 2016 के बाद बिलावल भुट्टो पहले ऐसे नेता हैं जिन्होंने भारत का दौरा किया है। हालांकि बिलावल के भारत दौरे को लेकर भी लोग बंटे हैं। पाकिस्तान चाहता है कि भारत धारा 370 की कश्मीर में वापसी करे, लेकिन यह संभव नहीं है। क्योंकि कश्मीर भारत का आंतरिक मामला है। वह किसी दूसरे का हस्तक्षेप मंजूर नहीं करेगा। दूसरी तरफ पाक परस्त आतंकी घटनाएं चरम पर हैं उस लिहाज से पाकिस्तान से बातचीत मुमकिन नहीं है। सम्बन्ध सुधारने की बात तो दूर की कौड़ी है। पाकिस्तान चाहकर भी भारत के साथ रिश्ते नहीं सुधार सकता है। क्योंकि पाकिस्तान में चुनी सरकारें स्वतंत्र नहीं होती हैं उस पर सेना का नियंत्रण रहता है। पाकिस्तान में सरकारें सिर्फ दिखावे की बनती हैं, नीति तो सेना तैयार करती है। सेना खुद नहीं चाहती कि भारत के साथ सम्बन्ध सुधरें। पाकिस्तान की आर्मी आतंकियों को खुद ट्रेनिंग देकर भारत भेजती है। पाकिस्तान आतंकवाद पर दुनिया को दिखाने के लिए सिर्फ घड़ियाली आंसू बहाता है। भारत सरकार जम्मू-कश्मीर में अब चुनाव कराना चाहती है। जबकि पाकिस्तान कभी ऐसा नहीं चाहेगा। यहाँ आम कश्मीरी अमन चाहता है। क्योंकि वह बहुत कुछ खो चुका है, लेकिन पाकिस्तान परस्त वहां के राजनेता कश्मीर में कभी भी शांति नहीं चाहते। कश्मीर शांत हो गया तो उनकी वहां कोई सुनने वाला नहीं रहेगा।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



रांची नगर निगम की कार्यशैली पर अक्सर सवाल उठते रहते हैं। यहां आकर अपना काम कराना शहर के लोगों के लिए आसान नहीं है। आजकल सबसे अधिक दिक्कत जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र लेनेवालों को हो रही है। नई शर्तों के मुताबिक कागज में कमी का हवाला देते हुए एसडीओ कार्यालय से लगभग एक हजार आवेदन वापस लौटा दिए गए। इसके बाद नगर निगम ने आवेदन लेना ही बंद कर दिया है। निगम के कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें खुद नई शर्तें समझ नहीं आ रही हैं तो कैसे आवेदन ले सकते हैं। इस काम के लिए आनेवाले लोग प्रतिदिन निराश होकर वापस लौट जाते हैं। दरअसल नए नियमों के अनुसार अगर बच्चे की उम्र एक वर्ष से अधिक हो गई है तो जन्म प्रमाण पत्र को गवाही के लिए एसडीओ कार्यालय भेजा जाता है। यहां पर गवाही होने के बाद आवेदनों को वापस नगर निगम भेजा जाता है। लेकिन अब गवाही की प्रक्रिया को एसडीओ कार्यालय में आए नए मजिस्ट्रेट ने जटिल बना दिया है। नए मजिस्ट्रेट के रखे गए नए शर्त को आम लोगों को पूरा करने में परेशानी हो रही है। मजिस्ट्रेट का कहना हैं की शर्ते पूरा करने वाले आवेदनों को ही एसडीओ आफिस भेजें। इसके पहले गवाही के लिए जो भी आवेदन नगर निगम से जिला प्रशासन भेजा जाता था। उसमें आवेदक को शपथ पत्र, आंगनबाड़ी केंद्र या अस्पताल का प्रमाण पत्र,माता या पिता में से किसी एक का आधार या वोटर कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र का भारा हुआ फार्म व साथ में उदघोषणा फार्म भरकर देना पड़ता था। इसके बाद एक सप्ताह में एसडीओ कार्यालय से गवाही होकर आवेदन निगम में आ जाता था। नियम ऐसे होने चाहिए जिससे आम लोगों को परेशान नहीं होना पड़े।

**दीपेश कुमार निराला, संयोजक रांची नगर निगम सिटीजन फोरम।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# दिल्ली कैपिटल्स पर जीत के इरादे से उतरेगी चेन्नई सुपर किंग्स

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) आईपीएल के इस 16 वें सत्र में बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स पर जीत के इरादे से उतरेगी। सीएसके को इस मैच में अपने घरेलू मैदान का भी लाभ मिलेगा जिससे वह जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। पिछले मैच में मुम्बई इंडियंस के हाथों मिली जीत से भी सीएसके के हौंसले बुलंद हैं जिसका भी लाभ उसे मिलेगा। ऐसे में वह इस मैच को जीतकर प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाएं और पक्की करना चाहेगी।

सीएसके ने श्रीलंकाई स्पिनर मतीषा पथिराना की कसी हुई गेंदबाजी से मुंबई इंडियंस को कम स्कोर वाले मैच में हराया था। इस मैच में सीएसके की ओर से रूतुराज गायकवाड़, डेवोन कोंवे और शिवम दुबे ने अच्छी बल्लेबाजी कर अपनी टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया था। सीएसके के पास शीर्ष क्रम में कोंवे, रूतुराज और शिवम दुबे जैसे अच्छे बल्लेबाज हैं। अनुभवी अजिंक्य रहाणे ने भी इस सत्र में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से सभी का ध्यान खींचा है हालांकि अंबाति रायडू के खराब प्रदर्शन से उसे झटका लगा है। इसके अलावा ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा भी अब तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कुछ अच्छी पारियां खेली हैं पर निचले क्रम पर आने के कारण उनके पास अधिक अवसर नहीं रहता। टीम की ओर से युवा तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे ने 19 विकेट लिए हैं। वहीं जडेजा ने भी अच्छी गेंदबाजी की है। दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स का प्रदर्शन अब तक प्रभावशाली नहीं रहा है। टीम के बल्लेबाजों में निरंतरता की कमी है। सलामी बल्लेबा फिल साल्ट ने अब तक अच्छी बल्लेबाजी की है पर कप्तान डेविड वॉर्नर अब तक अपेक्षा के अनुरुप नहीं खेल पाये हैं। मिशेल मार्श और रोवमैन पावेल की भी बल्लेबाजी सामान्य रही है। दिल्ली ने पिछले पांच में से चार मैच जीत हैं जिससे उनकी प्लेऑफ की संभावनाएं बनी हुई हैं। अब अगर उसे प्लेऑफ में पहुंचना है तो हर मैच जीतना होगा। कैपिटल्स की राह इस प्रकार से




आसान नहीं कही जा सकती क्योंकि सीएसके को चेन्नई में उसके घरेलू मैदान पर हराना आसान नहीं है। इसके लिए उसके बल्लेबाजों और गेंदबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। बल्लेबाजी में दिल्ली की जिम्मेदारी वार्नर और साल्ट के अलावा मिशेल पर रहेगी। ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने अब तक गेंद और बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन किया है। वहीं गेंदबाजी की जिम्मेदारी तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा , एनरिच नॉर्किया के पास रहेगी स्पिनर के तौर पर टीम के पास कुलदीप यादव और अक्षर हैं। कुल मिलाकर देखा जाये तो ये मैच रोमांचक होना तय है।

## दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं-

**चेन्नई सुपर किंग्स:** महेन्द्र सिंह धोनी (कप्तान), डेवोन कोंवे, रुतुराज गायकवाड़, अंबाती रायडू, सुभ्रांशु सेनापति, मोईन अली, शिवम दुबे, राजवर्धन हैंगरगेकर, ड्वेन प्रिटोरियस, मिचेल सेंटनर, रविंद्र जडेजा, तुषार देशपांडे, एम पथिराना, सिमरजीत सिंह, दीपक चाहर, प्रशांत सोलंकी, महेश तीक्ष्णा, अजिंक्य रहाणे, बेन स्टोक्स, शेख रशीद, निशांत सिंधु, सिसंडा मगाला, अजय मंडल, भगत वर्मा, आकाश सिंह।

**दिल्ली कैपिटल्स:** डेविड वार्नर (कप्तान), पृथ्वी शॉ, सरफराज खान, अमन हकीम खान, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, खलील अहमद, कुलदीप यादव, रोवमैन पॉवेल, रिले रोसौव, एनरिक नोर्किया, मुस्तफिजुर रहमान, चेतन सकारिया, मुकेश कुमार, फिल सॉल्ट, लुंगी एनगिडी, प्रवीण दुबे, ललित यादव, रिपल पटेल, विक्की ओस्तवाल, ईशांत शर्मा, मनीष पांडे, कमलेश नागरकोटी और यश धुल।

# मेसी को लौरियस खेल पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड




**पैरिस (एजेंसी)।** अर्जेंटीना की विश्वकप विजेता फुटबॉल टीम के कप्तान लियोनेल मेसी को लौरियस खेल पुरस्कार समारोह में साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड मिला है। मेसी को विश्वकप में उनके शानदार प्रदर्शन के लिये इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अर्जेंटीना ने विश्व कप फाइनल में फ्रांस को शूटआउट में हराया था।

इस पुरस्कार की दौड़ में फ्रांस के स्ट्राइकर कीलियन एम्बाप्पे, स्पेन के राफेल नडाल और दो बार के फॉर्मुला-1 विश्व चैंपियन रेड बुल टीम के मैक्स वस्टरप्पन भी शामिल थे। इस समारोह में अर्जेंटीना को साल की सर्वश्रेष्ठ टीम चुना गया। मेसी इस समारोह में अपनी पत्नी एंटोनेला रोकुज़ो के साथ शामिल हुए। उन्होंने अपने साथ-साथ टीम की ओर से भी पुरस्कार लिया। मेसी ने इससे पहले साल 2020 में भी यह अवार्ड संयुक्त रुप से फॉर्मूला वन ड्राइवर लुईस हैमिल्टन के साथ हासिल किया था।

# रोहित की फार्म को लेकर परेशान नहीं : ग्रीन

**मुंबइ (एजेंसी)।** ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन ने कहा है कि रोहित शर्मा दिग्गज खिलाड़ी हैं और उनके फॉर्म को लेकर चिंता की जरुरत नहीं है। मुम्बई इंडियंस के कप्तान रोहित इस सत्र में अब तक एक भी बार बढ़ी पारी नहीं खेल पाये हैं जिससे प्रशंसकों के साथ ही टीम प्रबंधन भी हैरान है। अब तक खेले गए 10 मैच में रोहित ने 18.39 की औसत से केवल एक अर्धशतक के साथ ही 184 रन बनाए हैं। इसी कारण मुंबई की टीम अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पायी है और छठे स्थान पर है। इसके बाद भी रोहित की बल्लेबाजी को लेकर ग्रीन परेशान नहीं हैं। उन्होंने कहा, ''रोहित एक दिग्गज हैं, विशेष रूप से मुंबई के साथ और उसने अपने करियर में जो कुछ भी किया है उसे देखते हुए, हम उसका पूरा समर्थन करते हैं। वह कभी भी फॉर्म में वापसी कर सकते हैं। उसने कुछ मैचों में अच्छी बल्लेबाजी की है, शीर्ष पर अच्छी लय दिखाई है, इसलिए हम उसका पूरी तरह से समर्थन कर करते हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ सलामी बल्लेबाज के रूप में रोहित की जगह उतरने वाले ग्रीन ने कहा कि वह अपनी टीम के लिए किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ''उम्मीद है कि शुरुआती 10 मैच में हमने जो कुछ भी सीखा है, वह हमें आने वाले ओवरों में बेहतर अच्छी स्थिति में लायेगा। वहीं कमेंट्री छोड़कर टीम से जुड़े आरसीबी के बल्लेबाज केदार जाधव ने कहा कि इंपेक्ट प्लेयर नियम ने कुछ चीजों में बदलाव आया है। उन्होंने कहा, ''इंपेक्ट प्लेयर नियम ने टीमों और खिलाड़ियों को निडर बना दिया है। उनके पास आक्रमण के लिए अब एक अतिरिक्त बल्लेबाज होता है, इसलिए जाहिर है कि वे अब अधिक आजाद होकर खेल रहे हैं और 180 की जगह 200 से अधिक रन बन रहे हैं। जाधव ने कहा कि प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में शामिल ज्यादातर टीमों के लिए कठिन कड़े होंगे।

# एशिया कप का आयोजन पाक नहीं श्रीलंका में होगा

### –पीसीब के 'हाइब्रिड मॉडल' को एसीसी ने खारिज किया




**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को करारा झटका लगना तय है। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) अब एशिया कप को पाक की जगह पर श्रीलंका में आयोजित करना चाहता है। एसीसी ने एशिया कप आयोजन के लिए पीसीबी के 'हाइब्रिड मॉडल' को खारिज कर दिया है। पाक ने हाल ही में एशिया कप के लिए 'हाइब्रिड मॉडल' का विकल्प दिया था। जिसे एसीसी ने ठुकरा दिया है। उसका कहना है कि सितंबर के महीने में संयुक्त अरब अमीरात में अत्यधिक उमस भरी गर्मी होती है। जिससे खिलाड़ियों के चोटिल होने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में इन खेलों का श्रीलंका में हो सकता है। ऐसे में अब देखना होगा कि पीसीबी किसी अन्य देश में होने पर इस टूर्नामेंट में भाग लेता है या नहीं। गौरतलब है कि

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने दोनो ही देशों के बीच तनाव के कारण भारतीय टीम को पाक भेजने से इंकार कर दिया था। इसके बाद पीसीबी ने भारतीय टीम के मुकाबले किसी अन्य देश में रखे जाने का विकल्प भी दिया। पीसीबी ने 'हाईब्रिड मॉडल का जो प्रस्ताव दिया था जिसमें भारत अपने मैच यूएई में खेले जबकि पाकिस्तान अपने मैचों को मे घरेलू धरती पर खेलेगा। पीसीबी प्रमुख नजम सेठी इस मामले पर समर्थन हासिल करने के लिए दुबई गये थे पर उन्हें समर्थन नहीं मिला। उन्होंने भारत के मैचों के अलावा सभी मुकाबलों के लिए पाक के कराची या लाहौर का विकल्प दिया था। क्रिकेट श्रीलंका और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने भी पीसीबी के प्रस्ताव का विरोध किया।

एसीसी के अनुसार 'हाइब्रिड मॉडल' सैद्धांतिक रूप में सही नहीं है क्योंकि इसके लिए बजट पारित नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह केवल पाकिस्तान की मेजबानी के बारे में नहीं है। भारत और पाकिस्तान एक ग्रुप में है और ऐसे में तीसरी टीम को दुबई और पाकिस्तान के किसी शहर के बीच यात्रा करनी होगी।

गौरतलब है कि पाकिस्तान ने हाल ही में देश में सुरक्षा इंतजामों के बढ़ते खर्च को देखते हुए पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के मैचों को यूएई में कराने का फैसला किया। उसके इस फैसल से ही एशिया कप मेजबानी उसके हाथ से फिसलनी शुरु हो गयी। इसका कारण है कि प्रसारक भी दो देशों में अलग-अलग टीम नहीं भेजना चाहते। यूएई की तरह श्रीलंका में दो शहरों के बीच यात्रा के लिए विमान की जरूरत नहीं है। आप चाहे कोलंबो में खेले या गॉल या कैंडी में, ये शहर एक दूसरे के काफी करीब है।

# धवन ने की अर्शदीप की सराहना, मैच को अंतिम ओवर तक ले गये

कोलकाता। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ हुए मैच में हार से निराश पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन ने कहा कि बल्लेबाजी के लिए कठिन पिच पर हमारे बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया। धवन ने अपनी टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की भी सराहना की। धवन ने कहा कि अर्शदीप ने अच्छा खेल दिखाया और मैच को अंतिम गेंद तक ले जाने का श्रेय भी उन्हें ही जाता है। अंत में केकेआर ने हमसे बेहतर प्रदर्शन कर मैच जीत है। साथ ही कहा कि इस मैच में उनकी टीम को एक अच्छे ऑफ स्पिनर की कमी महसूस हुई। अगर उनके पास एक अच्छा ऑफ स्पिनर होता तो वे रनों पर अंकुश लगा सकते थे। इस मैच में पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट गंवाकर 179 रन बनाए। पंजाब की ओर से कप्तान शिखर धवन ने 47 गेंदों पर 57 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। शिखर के अलावा, जितेश शर्मा और शाहरुख खान ने भी 21-21 रन बनाये। वहीं केकेआर की ओर से वरुण चक्रवर्ती ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए चार ओवरों में 26 रन देकर 3 विकेट लिए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआरी की ओर से कप्तान नितीश राणा ने 38 गेंदों पर ही 51 रन बना दिया। वहीं जेसन रॉय ने 38 रन बनाये। अंत में आंद्र रसल ने 23 गेंदों पर 42 रन और रिंकू सिंह ने 10 गेंदों पर 21 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलायी। अंतिम ओवर में केकेआर को 6 गेंदों पर 6 रन की जरुरत थी। अर्शदीप ने इस ओवर में अच्छी गेंदबाजी कर रसेल को पवेलियन भेज दिया। इस मैच के आखिरी गेंद पर 2 रन की जरुरत थी पर रिंकू ने अंतिम गेंद पर चौका लगाकर अपनी टीम को जीत दिला दी।

# वापसी के लिए मुझे काफी प्रयास करना पड़ा : हार्दिक

नई दिल्ली। भारतीय हॉकी टीम में वापसी से उत्साहित मिडफील्डर हार्दिक सिंह ने कहा कि उन्हें वापसी के लिए काफी प्रयास करना पड़ा है। ओलंपिक कांस्य पदक विजेत टीम के सदस्य हार्दिक को इसके बाद खराब प्रदर्शन के कारण बाहर कर दिया गया था। इस खिलाड़ी ने कहा है कि बीच के दौर में वह कम्फर्ट जोन (आराम) में चले गये थे जिसका उन्हें नुकसान हुआ। हार्दिक को वापसी के बाद मार्च में पांचवें हॉकी इंडिया सालाना पुरस्कारों में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार मिला है।

हार्दिक ने कहा ,' इस समय मैं खुश हूं कि हर दिन मेरा प्रदर्शन बेहतर हो रहा है। मैं साल 2017 और 18 में अपने कम्फर्ट जोन में चला गया था जिससे मेरा खेल प्रभावित हुआ और मुझे अपनी जगह तक खोनी पड़ी। इसके बाद मुझे वापसी के लिए नये सिरे से अपने खेल को निखारना पड़ा। उन्होंने कहा,'' एक खिलाड़ी को टीम में बने रहने के लिए हर दिन कड़ी मेहनत करके अपना सौ फीसदी अभ्यास सत्र में देना होता है। इसमें आराम से बाहर निकलकर अपने को नई चुनौतियों के लिए तैयार करना होता है।

हार्दिक चोटिल होने के कारण 2023 विश्व कप को पूरा नहीं खेल पाये थे। उन्होंने कहा ,'' विश्व कप मेरे लिये अपने को साबित करने का अच्छा अवसर था। मैं अच्छा खेल भी रहा था पर फिर चोट लग गई। मैं हैरान था क्योंकि मैं टूर्नामेंट के लिये काफी मेहनत कर रहा था। ओलंपिक के बाद मेरा पूरा ध्यान विश्व कप पर ही था। इस दौरान मैंने मैदान से बाहर से टीम का हौंसला भी बढ़ाया।

# अंक तालिका में गुजरात टाइटंस अभी भी नंबर एक पर बरकरार

### –ऑरेंज कैप की दौड़ में डु प्लेसिस शीर्ष पर , पर्पल कैप के लिए शमी , राशिद और तुषार में मुकाबला



**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को आईपीएल के 16 वें सत्र में पंजाब किंग्स के खिलाफ मिली जीत के बाद अंक तालिका में बदलाव आया है। इस मैच में पंजाब किंग्स ने पहले खेलते हुए 7 विकेट पर 179 रन बनाए। इसके बाद केकेआर ने जीत का ये लक्ष्य आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह की शानदार बल्लेबाजी से अंतिम गेंद पर ही हासिल कर लिया। इस जीत के साथ ही केकेआर अब अंक तालिका में पांचवे स्थान पर पहुंच गयी है। ऐसे में अब उसे पलेऑफ में पहुंचने के लिए बचे हुए तीनो मुकाबले बड़े अंतर से जीतने होंगे। वहीं मुंबई इंडियंस के अलावा पंजाब किंग्स भी प्लेऑफ के लिए संघर्ष करती नजर आ रही है।

अंक तालिका में गुजरात टाइटंस अभी 11 में से 8 मैच जीतकर पहले स्थान पर है जबकि अंतिम दो स्थानों पर सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स की टीमें हैं। इन दोनों ही टीमों के प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाएं काफी कम हैं। इसका कारण है कि दोनों टीमों का प्रदर्शन सत्र में अच्छा नहीं रहा है। चौथे स्थान के लिए राजस्थान, कोलकाता और आरसीबी के बीच मुकाबला हो सकता है।

ऑरेंज कैप के लिए फाफ डु प्लेसिस सबसे बड़े दावेदार - आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ऑरेंज कैप के सबसे बड़े दावेदार बनकर उभरे हैं। उन्होंने अब तक 10 मैचों में 56 की औसत से 511 रन बनयो हैं। इस दौरान उन्होंने 40 चौके और सबसे ज्यादा 29 छक्के लगाये हैं। वहीं दूसरे नंबर पर यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल हैं। विराट कोहली सबसे अधिक रनों के मामले में पांचवे और केकेआर के रिंकू सिंह शीर्ष दस में शामिल हैं। पर्पल कैप - वहीं पर्पल कैप की दौड़ में गुजरात टाइटंस के मोहम्मद शमी, राशिद खान और चेन्नई सुपर किंग्स के तुषार देशपांडे के नाम 19-19 विकेट हैं और ये तीन ही प्रबल दावेदार के तौर पर उभरे हैं।

# विश्व के नंबर एक खिलाड़ी से संघर्षपूर्ण मैच में हारे त्न्द्धश्ह्यड्डद्य



भारत के चोटी के स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल शुरुआती बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रहे और यहां विश्व चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी डिएगो एलियास से हार गए। चार साल पहले विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले घोषाल रविवार की रात को खेले गए इस मैराथन मुकाबले में 11-9 11-4 6-11 3-11 10-12 से हार गए। घोषाल ने पहले दोनों गेम जीतकर अच्छी शुरूआत की थी लेकिन इसके बाद उन्होंने अगले दोनों गेम गंवा दिए। पांचवें और निर्णायक गेम में भी वह कुछ महत्वपूर्ण अंक हासिल करने में नाकाम रहे। इस गेम में स्कोर एक समय 10-10 से बराबरी पर था। घोषाल ने यहां पर गलती की जिसका फायदा उठाकर पेरू के खिलाड़ी ने मैच अपने नाम किया। छत्तीस वर्षीय घोषाल से 10 वर्ष छोटे एलियास ने भारतीय खिलाड़ी की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा,'' सौरव ने शुरू में शानदार खेल दिखाया। उसकी रणनीति बहुत अच्छी थी और मैं शुरू में उसका अनुमान नहीं लगा पाया। मुझे खुशी है कि मैं वापसी करने में सफल रहा क्योंकि मैं काफी दबाव में था और मैं जैसा चाहता था वैसी शुरुआत नहीं कर पाया था।'' भारत के अन्य खिलाड़ियों में महेश मनगांवकर, रमित टंडन और क्वालीफायर अभय सिंह पहले दौर के मैच में हार गए थे। महिला वर्ग में भाग ले रही एकमात्र भारतीय खिलाड़ी जोशना चिनप्पा को पहले दौर में ही अमेरिका की ओलिविया क्लाइन से हार का सामना करना पड़ा था।

# जीत के बाद फीकी पड़ी केकेआर की खुशी

### –ऑरेंज कैप की दौड़ में डु प्लेसिस शीर्ष पर , पर्पल कैप के लिए शमी ,

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम ने सोमवार को खेले गए मुकाबले में पंजाब किंग्स को मात देकर अपनी सीजन की पांचवी जीत हासिल की। इस बेहद करीबी मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को जीत के बाद भी भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

दरअसल कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान नितीश राणा ने मुकाबले में एक गलती कर दी जिस कारण उन्हें भारी जुर्माना उठाना पड़ा है। बीसीसीआई ने नितीश राणा पर स्लो ओवर रेट के कारण जुर्माना लगाया है। आईपीएल के कोड ऑफ कंडक्ट को तोड़ने के कारण नितीश राणा को ये सजा मिली है।

कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान पर आरोप है कि उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में धीमी ओवर गति को बनाए रखा था। यानी कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम तय समय पर अपने 20 ओवर नहीं डाल सकी। इस देरी का खामियाजा टीम को भुगतना पड़ा है। बता दें कि न्यूनतम ओवर रेट अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता है। इस आचार संहिता के मुताबिक पहली बार नियमों की अवहेलना करने पर टीम पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाता है। इसी कड़ी में नितीश राणा पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगा है।

इस संबंध में इंडियन प्रीमियर लीग की ओर से एक प्रेस रिलीज भी जारी की गई है। इसके तहत कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान नितीश राणा पर धीमी गति से ओवर डालने के लिए फाइन लगाया गया है। लीग की आचार संहिता के मुताबिक टीम के कप्तान के खिलाफ ये एक्शन लिया गया है। इस लीग में कोलकाता द्वारा ये पहली बार किया गया अपराध है, जिस कारण टीम के कप्तान पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगया गया है। बता दें कि तीन बार ये अपराध करने पर टीम को बैन कर दिया जाता है।

### शानदार रहा मैच

वरूण चक्रवर्ती की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद कप्तान नितीश राणा के अर्धशतक और आंद्रे रसेल की तूफानी पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां पंजाब किंग्स को पांच विकेट से हराकर प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीदों को जीवंत रखा। पंजाब के 180 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर ने नितीश राणा (51), रसेल (42) और जेसन रॉय (38) की



पारियों से अंतिम गेंद पर पांच विकेट पर 182 रन बनाकर जीत दर्ज की। रिंकू सिंह (10 गेंद में नाबाद 21) ने अंतिम गेंद पर अर्शदीप सिंह पर चौका जड़कर टीम को जीत दिलाई। रसेल ने 23 गेंद में तीन छक्के और तीन चौके मारे। पंजाब की ओर से लेग स्पिनर राहुल चाहर ने 23 रन देकर दो विकेट चटकाए लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके।

# अकरम ने विराट की कप्तानी में आरसीबी के खिताब नहीं जीत पाने का कारण बताया

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर वसीम अकरम ने विराट कोहली की कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को एक बार भी खिताब नहीं मिलने के कारणों को बताया है। आरसीबी के आईपीएल में सबसे बेहतर टीम होने के बाद भी उसे एक बार भी खिताब नहीं मिलने से प्रशंसक भी हैरान हैं। कोहली ने काफी समय तक आरसीबी की कप्तानी संभाली और वह उसके फाइनल तक ले गये पर खिताब नहीं जिता पाये। वहीं टीम 2020 और 2021 में प्लेऑफ में भी पहुंची थी। वहीं अकरम से पूछा गया कि आईपीएल में कप्तान के तौर पर विराट के नेतृत्व में क्या कमी है। तो उन्होंने कहा कि कोहली एक ही समय में भारतीय टीम और आरसीबी के कप्तान थे, इससे पता चलता है कि उनपर कप्तानी का बोझ बढ़ जाता था जिससे वह दबाव में आ जाते थे। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि उनमें कहां कमी रह गई। वह बहुत मेहनती लड़का है। वह भारतीय क्रिकेट पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे थे इस कारण आईपीएल में कप्तानी करते समय यह उनके लिए बोझ के समान हो जाती है। इसलिए वह जहां है वहां बेहतर है। इस बार वह काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। इससे ऐसा लगता है कि वह अब खेल का आनंद ले रहा है। अकरम ने साथ ही कहा कि अगर आरसीबी को आईपीएल में जीत दर्ज करनी है तो उसे एक ईकाई के तौर पर खेलना होगा। आरसीबी की बल्लेबाजी इस सीजन में फाफ डु प्लेसिस, विराट कोहली और ग्लेन मैक्सवेल जैसे खिलाड़ियों पर आधारित रही है। विराट अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं पर जीत के लिए पूरी टीम को बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है।



# ट्विटर यूजर ने दी कंगना रनौत को इंस्टाग्राम फॉलोअर्स खरीदने की सलाह

बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। एक ट्विटर यूजर ने उन्हें फेक इंस्टाग्राम फॉलोअर्स खरीदने की सलाह दी, जिसका क्वीन एक्ट्रेस ने जवाब दिया। बॉलीवुड की दमदार एक्ट्रेसेस में शुमार कंगना रनौत सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपने बिंदास जवाबों के लिए चर्चा में रहती हैं।

जिससे वो ट्रोल हो गई थीं। वहीं अब एक ट्विटर यूजर ने एक्ट्रेस को फेक इंस्टाग्राम फॉलोअर्स खरीदने की सलाह दे दी, जिसका कंगना रनौत ने जवाब दिया है।




### कंगना को फॉलोअर्स खरीदने की सलाह

दरअसल एक ट्विटर यूजर ने कंगना रनौत के इंस्टाग्राम अकाउंट का स्क्रीनशॉट शेयर किया और लिखा, कंगना आप टॉप एक्ट्रेसेस हो, आपको भी बाकी एक्ट्रेसेस की तरह ही नकली फॉलोअर्स खरीद लेने चाहिए, आप इससे ज्यादा डिजर्व करती हो। इस ट्विटर यूजर का ये ट्वीट तेजी से वायरल हुआ और इस पर खुद कंगना रनौत ने भी रिएक्ट किया।

### क्या दिया कंगना ने जवाब

कंगना ने इस ट्विटर यूजर को जवाब में लिखा, नहीं नहीं मैं नहीं चाहती कि बहुत सारे लोग मेरा पर्सनल कम्यूनिकेशन देखें, जो मैं मेरे फैन्स और उनके साथ करती हूं, जो डिजर्व करते हैं। अगर ये कम हो जाएं तो बेहतर है। भगवान कृष्णा ने कहा है कि जब तक मांगा न जाए तब तक कोई भी मूल्यवान वस्तु अर्पित न करें, इस तरह की गैरजिम्मेदारी के परिणाम होते हैं। कंगना के इस जवाब को उनके फैन्स काफी पसंद कर रहे हैं।

### कंगना रनौत को नहीं चाहिए मुआवजा

याद दिला दें कि 2020 में बीएमसी ने कंगना रनौत के मुंबई ऑफिस का कुछ हिस्सा अवैध करार देते हुए गिरा दिया था। कंगना ने 3 साल बाद कहा है कि उन्हें उनकी बिल्डिंग गिराने के एवज में कोई मुआवजा नहीं मिला है। कंगना ने कहा कि कोर्ट ने उन्हें मुआवजा देने की बात कही थी लेकिन अब उन्हें एक भी पैसा नहीं चाहिए। एक्ट्रेस ने कहा कि वो नहीं चाहती कि उनकी वजह से टैक्स पेयर्स का नुकसान हो।



## माधुरी की वजह से बिगड़ा उर्फी का काम

फैशनिस्टा उर्फी जावेद किसी पहचान की मोहताज नहीं है। वह अपने अतरंगी फैशन सेंस के लिए काफी मशहूर हैं। वह हर बार किसी न किसी वजह से लाइमलाइट में बनी रहती हैं। उर्फी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं, और अपने फैंस के साथ अपने लाइफ अपडेट शेयर करती रहती हैं। इस बार भी उर्फी ने सोशल मीडिया पर एक खुलासा किया है। उर्फी जावेद ने बताया है कि उन्हें एक अवार्ड फंक्शन में बुलाने के बाद आने से मना कर दिया गया। दरअसल, बीती रात मुंबई में 2023 अवार्ड फंक्शन का आयोजन किया गया था, जहां बी–टाउन और छोटे पर्दे के स्टार्स ने शिरकत की। उर्फी को भी इस अवार्ड के लिए इनविटेशन आया था, लेकिन लास्ट मोमेंट पर उन्हें आने से मना कर दिया गया। उर्फी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर कर इस बात का खुलासा किया है। उन्होंने लिखा– इस इवेंट की मजेदार बात– वे मेरी टीम तक पहुंचे, मुझे इनवाइट किया, मैंने इनविटेशन एक्सेप्ट किया, सारे प्लान कैंसल किए, अपना आउटफिट अरेंज किया, आखिरी टाइम पर उन्होंने मेरी टीम से कहा कि अब मैं इनवाइटेड नहीं हूं। जब हमने वजह पूछी तो उन्होंने कहा कि मैं माधुरी दीक्षित की गेस्ट लिस्ट में नहीं हूं (कितना अजीब कारण है)। भाई मैं मर नहीं रही कहीं जाने के लिए, लेकिन आखिरी समय पर इनवाइट करके किसी से न आने के लिए कहना। थोड़ी हिम्मत जुटाओ या मुझसे उधार ले लो। बता दें कि, इस अवार्ड फंक्शन की चीफ गेस्ट माधुरी दीक्षित थीं।



## इंडस्ट्री में नेपोटिज्म पर बोले मिथुन के बेटे महाक्षय

अनुपमा में काव्या का किरदार निभा रही मदालसा शर्मा के पति और


रा सारा रारा रा में नजर आने वाले हैं। इसी के प्रमोशन में एक्टर ने अपने पापा, मम्मी और बहन के बारे में बात की है। महाक्षय चक्रवर्ती बॉलीवुड एक्टर मिथुन चक्रवर्ती और योगिता बाली के बेटे हैं। इन्होंने 2008 में इन्होंने जिम्मी से डेब्यू किया था। इसके बाद उन्होंने इश्केदारियां, हॉन्टेड–3डी समेत अन्य फिल्मों काम किया। पिछले 15 सालों में एक्टर ने बहुत सारे अच्छे प्रोजेक्ट्स को हासिल करने की कोशिश की लेकिन उन्हें काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि जब उनके पास बिल्कुल काम नहीं था। उन्हें इस दौरान अपने पिता से इमोशनल सपोर्ट मिला। इंटरव्यू में महाक्षय ने बताया कि मिथुन चक्रवर्ती ने हमेशा सपोर्ट किया। उन्होंने अक्सर यही कहा है कि अगर इंडस्ट्री में आना है तो वो मेरी ही पसंद होगी। मैंने एक्टर बनने का फैसला किया। मेरे मम्मी–पापा ने इस बारे में बिल्कुल जोर नहीं दिया। पापा ने एक बार कहा था– मैं तुम्हारी बिल्कुल मदद नहीं करूंगा क्योंकि तुम मेरे बेटे हो। मेरा बेटा होने की वजह से तुम्हें कभी फ्री टिकट नहीं मिलेगा। तुम्हें खुद ही मेहनत करनी होगी। खुद ही जनता का प्यार, पैसा और समय कमाना होगा।

### नेपोटिज्म पर बोले महाक्ष्य चक्रवर्ती

नेपोटिज्म और स्टार किड होने पर मिमोह ने कहा कि इंडस्ट्री में ऐसा कुछ नहीं है। अगर ऐसा कुछ होता तो हर चौथी–पांचवी फिल्म में मैं होता। लेकिन ऐसा नहीं है। मैं अभी भी बाकियों की तरह संघर्ष कर रहा हूं और मुझे यह कहते हुए बहुत गर्व हो रहा है। जब मुझे काम नहीं मिला तो इसकी वजह यह थी कि मैं ऑडिशन में सेलेक्ट नहीं हुआ। इसमें कोई गलत बात नहीं है। एक एक्टर के नाते आप रिजेक्ट होगे ही। मैंने टीवी, फिल्म और वेब शोज के ऑडिशन्स दिए हैं। उनकी वजह से ही काम मिला है। मैं अभी भी ऑडिशन दे रहा हूं क्योंकि मैं एक एक्टर हूं।

### बहन और मां के बारे में बोले मिमोह चक्रवर्ती

मिमोह ने आगे कहा कि उनकी मां योगिता बाली जो कि अब फिल्मों से दूर हैं और परिवार के साथ बिजी और खुश हैं। वह बाहर जाना बहुत कम पसंद करती हैं लेकिन एक्टर चाहते हैं कि वह अपनी मां के साथ एक बार जरूर स्क्रीन शेयर करें और ऐसा जल्द होगा। वहीं, बहन दिशानी चक्रवर्ती के लिए मिमोह ने कहा कि वह अभी लॉस एंजलिस में रहती हैं। वह भी फिल्मों में आने का प्लान बना रही हैं। उन्हें पता है कि आगे क्या करना है।



## पंकज त्रिपाठी ने शुरू की मैं अटल हूं की शूटिंग

हाल ही में अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने अटल बिहारी वाजपेयी की बायोपिक मैं हूँ अटल से अपना पहला लुक जारी किया था, जिसने सोशल मीडिया पर जबरदस्त प्रतिक्रिया प्राप्त की थी। हाल ही में, अभिनेता ने फिल्म की शूटिंग शुरू होने की ओर इशारा करते हुए अपने सोशल मीडिया पर एक और अपडेट साझा किया। आज, निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर मैं अटल हूं की शूटिंग की घोषणा की। यह फिल्म भारत के प्रिय नेता, अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन और राजनीतिक करियर के इर्द–गिर्द घूमेगी, जो न केवल एक राजनेता थे, बल्कि एक कवि भी थे। मुंबई में शूटिंग शुरू करते हुए, टीम के पास हमारे देश के विभिन्न हिस्सों जैसे मुंबई और लखनऊ को कवर करने के लिए 45 दिनों से अधिक का लंबा शेड्यूल होगा। शूटिंग शुरू होने पर पंकज त्रिपाठी ने कहा कि, यह मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है कि मुझे हमारे महान नेता अटल बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभाने का मौका मिला। उनकी जीवन शैली और भारत के लिए उनके दृष्टिकोण को समझने के लिए हमने कठोर पठन सत्र आयोजित किए। मैं आज बहुत खुश हूं क्योंकि हम मैं अटल हूं की शूटिंग शुरू कर रहे हैं। निर्देशक रवि जाधव ने कहा, मैंने पंकज जी को अटल जी को जानने और समझने की प्रक्रिया में शामिल होते देखा है। मुझे यकीन है कि इस तरह के कुशल व्यक्तित्व को निभाने के लिए पंकज जी से बेहतर कोई और नहीं हो सकता था। हमारी फिल्म के साथ वही जादू पैदा करने की उम्मीद है जो अटल जी ने अपने जीवन और हमारे देश के लिए अपनी दृष्टि के साथ बनाया था। इस अवसर पर निर्माता विनोद भानुशाली व संदीप सिंह ने कहा, मैं अटल हूं एक विशेष फिल्म है। फिल्म से जुड़ा हर व्यक्ति इसे हमारे दर्शकों के लिए बेहतरीन अनुभवों में से एक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। हमने अपनी फिल्म की शूटिंग के लिए फर्श पर आने से पहले कहानी से लेकर हमारे हर किरदार के लिए लोकेशन, लोकेशन तक के लिए काफी शोध किया है। यह एक अविश्वसनीय अनुभव की शुरुआत है। टीमों के साथ अनंत मुलाकातों, पूरे क्रू की कड़ी मेहनत और हमारे अविश्वसनीय कलाकारों के साथ, मुझे अपनी फिल्म मैं अटल हूं की शूटिंग शुरू करने में खुशी हो रही है।



## अवॉर्ड फंक्शन में पहने आउटफिट के कारण ट्रोल हुई शिल्पा



शिल्पा शेट्टी कुंद्रा अपनी फिटनेस और खूबसूरती के कारण हमेशा लाइमलाइट में रहती हैं। शिल्पा बॉलीवुड की सबसे फिट एक्ट्रेसेस में से एक हैं। बीते रविवार को शिल्पा एक अवॉर्ड फंक्शन में स्टाइलिश अवतार में स्पॉट हुई। हालांकि एक्ट्रेस को अब सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा है। दरअसल शिल्पा को उनके आउटफिट के लिए ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। इवेंट में शिल्पा शेट्टी एक टू पीस ब्लैक एंड व्हाइट स्ट्राइप्स वाली आउटफिट में नजर आईं। उन्होंने अपने लुक को गोल्ड नेकलेस से एक्सेसराइज किया और रेड लिप शेड के साथ अपने मेकअप को ग्लैम टच दिया। वेन्यू में जाने से पहले एक्ट्रेस ने स्माइल के साथ कैमरे के लिए पोज़ भी दिए। हालांकि शिल्पा का आउटफिट नेटिजंस को रास नहीं आया और इसके लिए उन्हें अब ट्रोल किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रही शिल्पा शेट्टी के लिए एक यूजर ने लिखा, पार्टी में ज़ेबरा एक अन्य ने कमेंट किया, मेट गाला की फीलिंग ले रही हैं ये एक और ने कहा, ज़ेबरा क्रॉसिंग एक नेटिज़न्स ने कहा, शहरी ज़ेबरा हालांकि कुछ फैंस ने एक्ट्रेस के लुक और फिटनेस की तारीफ भी की। शिल्पा शेट्टी के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे जल्द ही 'केडी– द डेविल' में नजर आएंगी। वह फिल्म में सत्यवती का रोल प्ले करेंगी।

## सामंथा रुथ प्रभु की रोमांटिक कॉमेडी खुशी का सिंगल टीजर आउट

दक्षिण की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक, शाकुंतलम बॉक्स ऑफिस पर असफल रही, लेकिन सामंथा रुथ प्रभु फिर से अपने दर्शकों को अपना बनाने आ रही हैं। वह वरुण धवन के साथ सिटाडेल के हिन्दी वर्जन को शूट कर रही हैं। इसमें वे प्रियंका चोपड़ा की भूमिका को दोहराती नजर आएंगी। वहीं वे दूसरी ओर अपनी तमिल फिल्म खुशी की शूटिंग फिर से शुरू करने जा रही हैं। इस फिल्म में वे विजय देवरकोंडा के साथ रोमांस करती दिखाई देंगी। 7 मई को फिल्म के पहले रोमांटिक सिंगल का एक टीजर जारी किया गया और यह किसी सपने से कम नहीं लग रहा है। यह फिल्म 1 सितंबर को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने जा रही है। हालांकि इसमें अभी समय है लेकिन फिल्म निर्माताओं और अभिनेताओं ने फिल्म के पहले सिंगल का एक टीजर जारी किया है। छोटी सी झलक में ऐसा लग रहा था कि विजय पहाड़ी की चोटी से चिल्लाकर कह रहा है कि वह कितना प्यार करता है। जबकि सामंथा ने प्रार्थना करने के लिए बैठने के दौरान हिजाब और बुर्का पहन रखा था। विजय ने इसकी झलक शेयर करते हुए लिखा, खुशी पहला गाना। पूरा गाना 9 मई को रिलीज होगा। 23 मार्च को, विजय देवरकोंडा और सामंथा ने अपने संबंधित सोशल मीडिया पेजों पर खुशी नामक अपनी आगामी रोमांटिक कॉमेडी की रिलीज की तारीख की घोषणा की। खुशी शिव निर्वाण द्वारा लिखित और निर्देशित एक रोमांटिक कॉमेडी है। मैथ्री मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित यह फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी है। कुछ हफ्ते पहले, सामंथा ने खुलासा किया कि वह जल्द ही फिल्म के सेट पर शामिल होंगी। फिल्म के सहायक कलाकारों में जयराम, सचिन खेडेकर, मुरली शर्मा, वेन्नेला किशोर, लक्ष्मी, रोहिणी, अली, राहुल रामकृष्ण, श्रीकांत अयंगर और शरण्या प्रदीप शामिल हैं। छायाकार मुरली, संपादक प्रवीण पुदी और संगीतकार हेशम अब्दुल वहाब तकनीकी दल का हिस्सा हैं।



## द केरल स्टोरी को बैन करने की मांग पर आया शबाना आजमी का रिऐक्शन

शबाना आजमी ने द केरल स्टोरी के बैन की मांग कर रहे लोगों को गलत बताया है। शबाना ने फिल्म के फेवर में एक ऐसा ट्वीट किया है जिसकी लोग तारीफ कर रहे हैं। द केरल स्टोरी की स्क्रीनिंग को रोकने की मांग के बीच शबाना आजमी इसके सपोर्ट में आई हैं। फिल्म को लेकर सोशल मीडिया दो मतों में बंटा है। कई लोग इसे प्रोपागैंडा बता रहे

आजमी ने फिल्म को लेकर एक ट्वीट किया है जो कि चर्चा में है। शबाना ने ट्विटर पर लिखा है, द केरल स्टोरी को बैन करने की मांग करने वाले लाल सिंह चड्ढा को बैन करने की मांग करने वालों जितने ही गलत हैं। एक बार फिल्म सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से पास कर दी गई तो एक्स्ट्रा कॉन्स्टिट्यूशनल अथॉरिटी बनने की जरूरत नहीं है। फिल्म के टीजर में दावा किया गया था कि केरल से 32000 लड़कियां गायब होकर भर्ती हो गई। इसका जबरदस्त विरोध हुआ इसके बाद ट्रेलर में यह संख्या हटा दी गई। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे साथ पढ़ने वाली मुस्लिम लड़कियों ने दूसरे धर्म की लड़कियों का ब्रेनवॉश करके उनका धर्म बदलवाया। इसके बाद उन्हें आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट जॉइन करवाया गया। कई लोग फिल्म को बैन करने की मांग कर रहे हैं।